		participation in artistic, theatrical, cinematic and aesthetic activities.	Convenor: Dr. Aarti Yadav 1.Faculty Coordinator for Theatre Activities: i. Dr. Suman ii. Dr. Ravinder Kaur iii. Dr. Savita Budhwar 2. Faculty Coordinator for Literary Activities: i. Dr. Rinu (English) ii. Dr. Amit Kumar (Hindi) iii. Dr. Seema iv. Dr. Dilip 3.Coordinator for Music Club: Ms. Divya Member: i. Dr. Shankar Lal ii. Ms. Sapna iii. Mr. Shankar Bhardwaj, LDC 4.SPIC MACAY: Faculty Members: i. Dr. Rajeev S. Menon ii. Dr. Abhiranjan Kumar (History) Advisor: Prof. Rajesh Kumar Malik, DSW (Ex-officio)

12	Movie Club	Promotion and coordination of cultural activities to motivate the students for their active participation in artistic, theatrical, cinematic and aesthetic activities.	Convenor: Dr. Aarti Yadav Faculty Coordinators, Movie Club: i. Dr. Surender Singh ii. Dr. Dinesh Chahal iii. Ms. Divya iv. Dr. Pawan Kumar Saini v. Mr. Kapil Bhatia vi. Mr. Alekh SachidanandaNayak vii. Mr. Shankar (Finance) For Screening of the movies in the Auditorium, prior permission may be obtained from DSW on recommendations of Convenor and Faculty Coordinators of Movie Club. Advisor: Prof. Rajesh Kumar Malik, DSW (Ex-officio) Prof. Satish Kumar
13	Intellectual Property Rights (IPR), Patenting, Consultancy Research Promotion Cell	Planning and coordinating the activities to sensitize the students about the issues relating to Intellectual Property Rights (IPR) and ethics of research.	Chairperson: Prof. Nawal Kishor, Dean, SP&MS Coordinators: i. Prof. Satish Kumar, Dean, SLS ii. Prof. Deepak Pant, Dean, SCS iii. Prof. Rajesh Kumar Malik, Dean, SLGPP&M iv. Prof. Sanjiv Kumar, Dean(Research) v. Dr. Pawan Kumar Tyagi vi. Dr. RajeshKumar Dubey (EE) vii. Dr. Kalpana Chauhan, Associate Professor
14	Literary Club	Planning and coordinating literary activities of the Department of English & Foreign Languages.	It being a departmental initiative, the Coordinator and members of the Club may be notified at department-level.

15	NSS	Coordination of activities specified under National Service Scheme (NSS)	Programme Coordinator: Dr. Dinesh Chahal Programme Officers: i. NSS (Boys Unit): Dr. Dinesh Chahal ii. NSS (Girls Unit): Dr. Renu Yadav Faculty Event Coordinator: Dr. Kapil Kumar (Statistics)
16	OBC Cell	To address the grievances of students belonging to OBC category and necessary initiatives for the same.	Convenor: Prof. Bir Singh Yadav Faculty Coordinators: i. Dr. Parmod Kumar ii. Dr. Devendra Singh iii. Dr. Jitender Saini iv. Dr. Amit Kumar v. Dr. Renu Yadav
17	Publication Division	To coordinate and monitor University publications including Annual Report, Information Bulletin and other institutional publications.	Convenor: Dr. Chanchal Sharma Co-convenors: i. Dr. Parmod Kumar ii. Dr. Surender Singh, (Microbiology) iii. Sh. Shalender Kumar, PRO, Secretory Faculty Coordinators: i. Dr. Ajay Kumar Bansal ii. Dr. Suneel Kumar iii. Dr. Pardeep Singh iv. Dr. Ajay Kumar v. Dr. Suman vi. Ms. Divya vii. Dr. Ranjan Aneja viii. Dr. Sudeep Kumar (English) ix. Dr. Siddharth Shanker Rai x. Hindi Officer, Ex-Officio xi. Hindi Translator, Ex-Officio

			Advisors: i. Prof. Sanjiv Kumar ii. Prof. Satish Kumar
18	SC/ST Cell	To address the grievances of students belonging to SC/ST category and necessary initiatives for the same.	Coordinator: Dr. Reema Gill Members: i. Mr. Rakesh Meena ii. Ms. Renu iii. Ms. Ravinder Kaur
19	Science, Mathematics and Technology (SMT) Club	To promote the disciplines relating to Science, Maths and Technology, and organizing the events for the promotion of Science and Technology.	Convenor: Prof. Nawal Kishore Co-Convenor: Prof.Deepak Pant Coordinator: Dr. Suneel Kumar Members: i. Dr. Pawan Kumar Maurya ii. Dr. Harish Kumar iii. Dr. Prakash Kanoo iv. Dr. Savita Budhwar v. Dr. Phool Singh vi. Dr. Surender Singh (Microbiology) vii. Dr. Kalpana Chauhan viii. Dr. Devender Kumar ix. Dr. Jitendra Kumar Saini x. Dr. Azaj Ansari xi. Dr. Tejpal Dhewa
20	Promotion of Sustainable Materials	Sensitizing people on the use of sustainable material by organizing lectures and interactive session with practicing experts and business leaders.	Advisor: Prof. Deepak Pant Convenor: Dr. Kashyap Kumar Dubey Members: i. Dr. Prakash Kanoo ii. Dr. Avijit Pramanik
21	Women Empowerment Cell/Gender Champion	Planning, coordinating and organising the	Convenor, WEC and Nodal Officer-Gender Champion:

		activities for gender sensitization and women empowerment.	Dr. Renu Yadav Faculty Coordinators: i. Dr. Anju ii. Dr. Rinu iii. Dr. Reema Gill iv. Dr. Ravinder Kaur v. Dr. Renu (Economics)
22	Yoga, Trekking and Adventure Club	Planning and organizing the activities for promotion of Yoga and other related activities.	Convenor: Prof. Ranvir Singh, Chair Professor(SDSC) Faculty Coordinators: i. Dr. Dinesh Chahal ii. Dr. Bijender Singh iii. Ms. Rashmi Tanwar iv. Rajesh Kumar, Assistant v. Yoga Instructor Advisors: Prof. Bir Singh Yadav Prof. Amar Singh
23	Youth Red Cross	Coordination of activities specified under Youth Red Cross (YRC).	Coordinator: Dr. Dinesh Chahal Event Coordinators/Counsellors: i. Dr. Renu Yadav ii. Mr. Sudeep Kumar iii. Dr. Narender Singh iv. Dr. Devender Kumar v. Dr. Anita Kumari vi. Dr. Savita Budhwar vii. Dr. Kapil Kumar
24	Grievances Redressal Committee	To address the grievances of students.	As per Notification No. CUH/2018/Estt.Sec./1343 already notified.
25	Central Students Counselling Cell	To provide appropriate counselling to the students regarding the issues concerning academics and other individual problems.	Convenor: Prof. Rajesh Kumar Malik, DSW Members: i. Proctor ii. Coordinator, YRC iii. Wardens

			iv. Coordinator, Women Empowerment Cell v. Dr. Ajay Kumar Bansal vi. Dr. Parmod Kumar Education vii. Dr. Kalpana Chauhan
26	Teachers Club	To provide a platform for the healthy interaction among the teachers.	Coordinators: i.Dr. Kashyap Kumar Dubey ii.Dr. Gunjan Goel iii. Dr. Aarti Yadav Secretary: Dr. Anand Sharma
27	International Students Cell	To facilitate international student during admissions and course of studies in the University.	Convener: Prof. Rajesh Kumar Malik, DSW (Ex-Officio) Members: i. Dr. Chanchal Kumar Sharma ii. Dr. Vinay Kumar Rao iii. Dr. Puja Yadav iv. Dr. Gunjan Goel v. Dr. Ajeet Kumar Sahoo
28	Sports Council	To coordinate, organize and promote sports activities in the University Campus	Chairperson: Prof. Rajesh Kumar Malik, DSW Convenor Dr. Bijender Singh, Co-Convenor Dr. Rinu (English) Coordinator Dr. Vinod Yadav, Members: i. Dr. Vinod Kumar (Chemistry) ii. Dr. Abhiranjan Kumar (History) iii. Dr. Narender Singh (History)

Activities organised by the various Cells, Clubs and Societies of the University

Book Reading club

Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
1 May 2019	Book Reading Discussion on A Christmas Carol and The Death of Ivan Lynch	Students were Discussants	Participated Students
07-Nov-19	Book Reading Discussion on Hind Swaraj and The Most Dangerous Game	Students were Discussants	Participated Students

Women Empowerment Cell

Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
April 8, 2019	Workshop on Cyber Security	Workshop on Cyber security by Cyber Peace foundation, Expert- Ms. Janice Varghese	Students and staff of University
April 29, 2019	Panel Discussion	Panel Discussion on Woman as Role Model	Students and staff of University
Aug. 1, 2019	Extempore Competition	Competition on Gender issues in Education	Students and staff of University
March 3, 2020	Panel discussion on "Skills and Entrepreneurship: Role of Women	Panel discussion, Resource person Dr. Ravinder, Dept. of Commerce	Students and staff of University
March 3, 2020	Panel discussion on Rural Women in Agriculture	Panel discussion, Resource person Ms. Renu, Dept. of Economics	Students and staff of University
March 4, 2020	Panel discussion on Law, Women and Social Change- Issues and Challenges	Panel discussion by students, resource person Dr. Anju, Dept. of Law	Students and staff of University
March 4, 2020	Panel Discussion on Rural/Marginal/Tribal Women versus Urban Women: Challenges to Women Empowerment	Panel Discussion by students, resource person Dr. Rinu, Dept. of English and foreign languages	Students and staff of University

March 4, 2020	Poetry Recitation on Issues related to women	Poetry Recitation by students	Students and staff of University
March 4, 2020	Speech on Gender Equality and Women Empowerment	Speech by students	Students and staff of University
March 5, 2020	International Women's Day with Untold stories of Struggle and Success	Ms. Kanta, Principal Blind school for girls, Narnaul, Ms. Jyoti Kanwar, International Player of Boxing, Prof. RC Kuhad, Vice-Chancellor, Dr. Renu Yadav	Students and staff of University
March 6, 2020	Panel Discussion on Health and Nutrition among Women	Panel Discussion by students, resource person Dr. Aarti Yadav, School of Education	Students and staff of University

Yoga Trekking and Adventure Club

Date	**Subject/Title**	**Resource Person**	**Beneficiary**
August 2019 to March 2020	Regular Yoga Training and Practice Class is at 6.00-7.00 am daily	Smt. Rishal Sharma Yoga Instructor	Teachers, students, and Villagers, open to all
28/04/2019 to 15/05/2019	15 Day Yoga camp was organized in two sessions daily	Smt. Rishal Sharma Yoga Instructor	CUH Students, Specially School of Education
28/04/2019 to 15.05.2019	15 Day Yoga camp	Sh. Rajesh Jangra	CUH Teachers, Non-teaching Employees & their kids
02/05/2019	A community Race was organized Jant Gate to Dhauli Gate & Back	Pof. Ranvir Singh	CUH Campus Fraternity including Students
20/06/2019	Two Lectures - 1.Yoga-As propounded by Patanjali 2. Benefits of Practical Yoga	1. Prof. Balvir Acharya, Ex-Head, Dept. of Sanskrit, MDU, Rohtak 2. Dr. Narain Prakash, Ex-Head, Yoga and Physical Education Department, H.A.U. Hisar	CUH Campus Fraternity including Students
21/06/2019	International Day of Yoga Celebrated	-do-	CUH Campus Fraternity including Students

Alumni Club

Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
27.02.2020	5th Alumni Meet of CUH (University level)	Vice Chancellor Prof. R. C. Kuhad, DSW and Proctor	191 alumni from different teaching departments

NSS

Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
31st April 2019	Yogathon organized by NSS Central University of Haryana.	NA	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
13th April 2019	Petrotic Natak "Jalya wala Bagh" organized for NSS Volunteers sponsored by NZCC Patiala & Haryana Kala Parishad.	Prof. R. C. KuhadHon'ble Vice Chancellor CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
17th - 18th April 2019	Professional First Aid & Home Nursing Training for NSS Volunteers in association with Indian Red Cross Sociaty.	Sh. Tek Chand,IRCS Haryana	Volunteers
1st May 2019	Awareness Campaign & Cleanliness Drive Organized by Department of EVS & NSS Unit Central University of Haryana.	NA	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
12th May 2019	Voter Sehyogi campaign by Volunteers who Helped Disable and Old-age Person during Lok Sabha Election at Election Booths of Mahendragarh District.	DC Narnaul	All citizens of Mahendergarh
31st May 2019	World No Tobacco Day organized by NSS Central University of Haryana	Prof. R. C. Kuhad Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
5th June 2019	Massive Plantation Drive at adopted villages organized by NSS Central University of Haryana.	Prof R. C. Kuhad, Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH

21st June 2019	International Yoga Day Celebration at Central University of Haryana.	Yoga Experts from Patanjali	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
7th August 2019	Road Safety Workshop	Hon'ble Vice Chancellor, CUH and Sh.Mahavir Singh, ADC Mahendergarh	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
1st – 15th September 2019	Swacchata Pakhwada	Prof RC Kuhad, Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
2nd September 2019	Pre RD Zonal Level Selection Trial of NSS organized by NSS Central University of Haryana.	Dr. Kapinder SNO ,NSS Haryana	All selected volunteers from Haryana
2nd to 8th October	NSS Special Camp at adopted village.	Various guest from various fields	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
21st October 2019	Voter Sehyogi campaign by Volunteers who Helped Disable and Old-age Person during Vidhan Sabha Election at Election Booths of Mahendragarh District.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH and DC Narnaul	All citizens of Mahendergarh
31st October 2019	Run for Unity organized by NSS Central University of Haryana	Hon'ble Vice Chancellor, CUH, and DSW ,CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
1st November 2019	5th Blood Donation Camp 2019 organized by NSS Central University of Haryana in association with Indian Red Cross Society, New Delhi.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH and SP Narnaul	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
6th November 2019	Prabhat Pheri "Paraali Na Jalaye" at adopted village organized by NSS Central University of Haryana	NA	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
10th -12th November 2019	Two volunteers participated in	Experts from RGNIYD Chandigarh	Volunteers

	Workshop on Leadership & Personality Development organized by Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development and N.S.S. Haryana at RGNIYD RC, Chandigarh		
18th November 2019	Cloth Donation Drive for needy people organized by NSS Central University of Haryana.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
22nd -23rd November 2019	International Volunteers Day organized by NSS Central University of Haryana in association with Nehru Yuva Kendra Mahendragarh	Sh. Mahnder Nayak, District Coordinator NYK	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
15th December 2019	Cloth Donation Drive for needy people organized by NSS Central University of Haryana.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
26th January 2020	Republic Day Celebrated at Central University of Haryana.	Hon'ble Vice Chancellor CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
25th - 28th January 2020	Survey at adopted villages by NSS Volunteers sponsored by Unnat Bharat Abhiyan.	Dr. Renu Yadav, CUH	People of adopted villages
30th January 2020	Shaheed Diwas celebrated at Central University of Haryana	NA	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
20th March 2020	Awareness campaign for protection from Corona Virus (COVID-19 and requested to aware at least 10 citizen daily through phone calls or social media.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages

21st March 2020	Distribution of Mask and Sanitizer at adopted villages.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	People of adopted villages

Eco Club

Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
28th March, 2019	World Water Day Celebration	Dr. Rajender Kumar	University students, faculty and staff

Promotion of Arts, Heritage and Culture

Date	Subject/Title	Beneficiary
15 th August	Independence day	All students of CUH are beneficiaries. During Annual Cultural Fest, the beneficiaries are participants from all universities of over Haryana.
October	Cultural evening showcasing folk dance and music of various states	
15th November 2019	Cultural Evening by students during AMI 2019 and cultural program of Guru Geeta Mahalik(Odisi Dance Performance) under SPIC MACAY	
26th January	Celebration of Republic Day	
25- 26 February	Interuniversity Annual cultural fest	

Cell for Person with Disabilities

Date	Subject	Resource Person	Beneficiary
28.08.2019	Speech Competition	Dr. Azaj Ansari Dr. Dinesh Chahal Dr. Rubul Kalita	10
28.08.2019	Quiz Competition	Dr. Prdeep Singh Dr. Amit Singh Dr. Manoj Kumar	40
28.08.2019	Poster Making Competition	Dr. Parmod Kumar Prof. Neelam Sangwan Dr. Aarti Yadav Dr. Alekha Sachidanand Naik	40
Guidance & Counselling to PWD students of the University		All the members of the cell	30

Unnat Bharat Abhiyan

S.No	Date	Subject/Title	Resource Person	Beneficiary
1.	1st May 2019	Awareness Campaign & Cleanliness Drive Organized by Department of EVS,UBA & NSS Unit Central University of Haryana.	Hon'ble Vice Chancellor CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
2.	5th June 2019	Massive Plantation Drive at adopted villages organized by NSS and UBACentral University of Haryana.	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
3.	1st – 15th September 2019	Swacchata Pakhwada by UBA and NSS, CUH	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH
4.	6th November 2019	Prabhat Pheri "Paraali Na Jalaye" at adopted village organized by UBA and NSS Central University of Haryana	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
5.	25th - 28th January 2020	Survey at adopted villages by NSS Volunteers sponsored by Unnat Bharat Abhiyan.	Dr Renu Yadav and Dr Dinesh Chahal	People of adopted villages
6.	20th March 2020	Awareness campaign for protection from Corona Virus (COVID-19 and requested to aware at least 10 citizen daily through phone calls or social media by UBA and NSS, CUH	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	All Students, Faculty,Non-Teaching Staff of CUH & People of adopted villages
7.	21st March 2020	Distribution of Mask and Sanitizer at adopted villages.by UBA and NSS, CUH	Hon'ble Vice Chancellor, CUH	People of adopted villages

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय

नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

वार्षिक प्रतिवेदन

2019-20

वार्षिक प्रतिवेदन

2019-20

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय

महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)–123031

विश्वविद्यालय के अधिकारी

प्रो. पी. एल. चतुर्वेदी

कुलाधिपति

प्रो. आर. सी. कुहाड़

कुलपति

श्री राम दत्त

कुलसचिव

श्री मनोरंजन त्रिपाठी

वित्त अधिकारी

डॉ. विपुल यादव

परीक्षा नियंत्रक

सम्पादकीय और प्रकाशन समिति

संयोजक

प्रो. नीलम सांगवान

सदस्य

डॉ. अजय कुमार बंसल

डॉ. विनोद कुमार

डॉ. अजय पाल शर्मा

डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय

डॉ. पूजा यादव

डॉ. युद्धवीर

डॉ. तरुण

श्री शैलेंद्र सिंह

कुलगीत

विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम...

न चौरहार्यम न च राजहार्यम न भ्रातभाज्यम न च भारिकारी..

व्यये कृते वर्धते नित्यं ..विद्या धनं सर्व धनं प्रधानम...

शिक्षा दीक्षा की परंपरा से राष्ट्र का हुआ सदा उत्थान

कौशल और नवसृजन से सजा हुआ गौरव अभियान

ज्ञान विज्ञान की शक्ति से हम

नव मंडल में हुए स्थापित

सीखा है इतिहास से हमने

नव तकनीकों में हुए समाहित

संस्कारों की शक्ति को जब

लिया है युवा ने पहचान

हम सब बने राष्ट्र के रक्षक

आओ करें नव भारत निर्माण

योग, कला, विधि, विज्ञान विषय का

विश्वविद्यालय देता ज्ञान

तन मन और जीवन सुचिता का

देता है यह शुभ वरदान

जन्म लेकर जिस धरा पर

शौर्य करता शीश बलिदान

अपनी मेहनत से माटी को

सोना कर दे जहाँ किसान

हर की धरा हरियाणा की मरुभूमि

पर स्थापित अपना कुल-महान

शिक्षा और स्वावलंबन देता

ऐसे कुल को करें प्रणाम

अनुक्रम

क्र.सं.	सूची	पृ.सं.
1.	कुलपति की कलम से	VI
2.	विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न	VIII
3.	विश्वविद्यालय के बारे में	IX
4.	विश्वविद्यालय के सर्वोत्तम क्रियाकलाप	XVII
5.	विश्वविद्यालय कोर्ट	XVIII
6.	कार्यकारी परिषद्	XXII
7.	शैक्षणिक परिषद्	XXIII
8.	वित्त समिति	XXVI
9.	कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ का प्रमुख शैक्षणिक गतिविधियों एवं अनुसंधान में योगदान	01
10.	विश्वविद्यालय के विभाग एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थी	08
11.	विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों का विवरण	12
12.	शुल्क संरचना 2019-20	52
13.	वर्ष 2019-20 के दौरान छात्रों की उपलब्धियों का सारांश	58
14.	वर्ष 2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के प्रकाशनों का सारांश	60
15.	प्रतिवेदन अवधि में स्कोपस इम्पेक्ट फेक्टर के साथ प्रकाशित शोध पत्र	76
16.	पिछले पाँच वर्षों के दौरान अत्याधिक उद्धृत किए गए शोध पत्र	80
17.	31 मार्च, 2020 तक बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं की सूची	91
18.	प्रतिवेदन वर्ष के दौरान संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों द्वारा प्राप्त किए गए पुरस्कार, सम्मान और अध्येतावृत्तियां	94
19.	विश्वविद्यालय के उल्लेखनीय कार्यक्रम	96
20.	विश्वविद्यालय पुस्तकालय	99
21.	वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम/आयोजन	101
22.	विश्वविद्यालय के प्रकोष्ठ/क्लब/सोसायटी व उनकी गतिविधियाँ	108
23.	समाचार-पत्रों में विश्वविद्यालय	



श्री राम नाथ कोविन्द

भारत के माननीय राष्ट्रपति

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष

"हमारे देश के सम्मुख कुछ विशिष्ट चुनौतियां हैं, जिनका समाधान करने में विश्वविद्यालयों को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। इनमें से कुछ का समाधान केवल रचनात्मकता और नवोन्मेष के द्वारा ही किया जा सकता है।"

प्रो. आर. सी. कुहाड़
एफएनएएससी, एफएनएएएस, एफएएमएससी, एफबीआरएस
कुलपति

कुलपति की कलम से...

मुझे वार्षिक प्रतिवेदन 2019-20 प्रस्तुत करते हुए निस्संदेह प्रसन्नता हो रही है जो कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के दौरान हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रदर्शन और उपलब्धियों का संक्षिप्त प्रतिबिंब प्रदान करती है। इस वर्ष अकादमिक क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की गयीं, जहां विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण प्रयास किए गये। वर्ष 2020 की शुरुआत महामारी के कारण चुनौतियों के साथ हुई थी तथा हमने शिक्षण एवं प्रशासन को ऑनलाइन मोड में ले जाने के लिए अपने तीव्र व ईमानदार प्रयास किया। उत्कृष्टता हेतु प्रयास करने के संकल्प के साथ विश्वविद्यालय ने शिक्षण और अनुसंधान के एक ऑनलाइन मोड में स्वयं को मूल रूप से तैयार किया एवं विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की।

इस वर्ष को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए स्थापना के 12वें वर्ष में प्रवेश के रूप में चिन्हित किया गया। यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में, यह विविध विषयों में शैक्षणिक कार्यक्रम प्रदान करता है तथा निकट भविष्य में पाठ्यक्रमों के स्पेक्ट्रम का विस्तार करने हेतु और अधिक पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए तत्पर है। इस वर्ष तीन नए कार्यक्रमों की शुरुआत की गई- मास्टर ऑफ टूरिज़्म एण्ड ट्रैवल मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ आर्ट्स (संस्कृत), मास्टर ऑफ साइंस (योग)। इसके अतिरिक्त, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया (पीसीआई) द्वारा औषधि विज्ञान विभाग के लिए अनुमोदन भी दिया गया था। इस सत्र में छात्रों की कुल संख्या 2607 के साथ छात्रों के नामांकन में भी वृद्धि हुई है: स्नातक में 855, स्नातकोत्तर में 1561 एवं शोध कार्यक्रमों में 167 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ। इसके अलावा, विश्वविद्यालय हरियाणा के बाहर के छात्रों के उच्च प्रतिनिधित्व (48%) का दावा करता है, इस प्रकार विविधता को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय के मिशन को प्राप्त करता है। विश्वविद्यालय में नामांकित महिला छात्रों का प्रतिशत (38%) भी लगातार बढ़ा है।

इस सत्र में, विश्वविद्यालय ने नए प्रशासनिक भवन को सम्मिलित करते हुए अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार जारी रखा, जिसमें प्रभावी कामकाज के लिए सभी प्रशासनिक कार्यालय / अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के कार्यालय शामिल हैं। यह वर्ष नये शिक्षकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि जो कि 179 है, के लिए भी रेखांकित करने योग्य है। अब विश्वविद्यालय नियुक्त शिक्षक अत्यंत ही अनुभवी और प्रेरक शिक्षक हैं।

विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में विश्वविद्यालय के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) का विकास होना भी है, जो लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन शिक्षण को अपनाने में सहायक था। विश्वविद्यालय ने इस सत्र में एलएमएस के माध्यम से कई पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए। यह विश्वविद्यालय मूक (MOOC) पाठ्यक्रमों सहित उन्नत एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपना रहा है। विश्वविद्यालय ने स्वयं (SWAYAM) मंच पर लोकप्रिय और शीर्ष-रैंकिंग मूक कोर्स चलाकर ई-सामग्री तैयार करने में भी कार्य किया है।

हमारे पिछले वर्ष के निरंतर प्रयासों को जारी रखते हुए हमने छात्रों के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) कार्यक्रमों का संचालन किया। हमारे युवा शिक्षकों और छात्रों को प्रशिक्षण और शिक्षण प्रदान करने के लिए विश्व के अग्रणी विद्वानों और विशेषज्ञों को बुलाया गया था। इसके अतिरिक्त, प्रवृत्तियों, नये नवाचारों और वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने

के लिए एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट (एएमआई), ट्रेण्ड्स इन कम्प्यूटेशनल एण्ड कॉग्निटिव एवं कॉग्निटिव इंजीनियरिंग आदि के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों सहित अनेक सेमिनार और सम्मेलन भी आयोजित किए गए। इस प्रकार हमने ज्ञान का लाभ अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया। हमारा विश्वविद्यालय एक ओर शिक्षार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेश प्रदान कर रहा है तथा दूसरी ओर, हम युवाओं में ज्ञान को मजबूत बनाने एवं विज्ञान के प्राचीन ज्ञान के बारे में जागरूकता प्रदान करते हुए अपनी जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए पूरी तन्मयता से प्रयासरत हैं। इस दिशा में, हमने लगभग सभी क्षेत्रों में मौलिक विज्ञान की उत्पत्ति के ज्ञान का प्रसार करने के लिए 'भारत का विज्ञान में योगदान' पर राष्ट्रीय सम्मेलन जैसे अनेक आयोजन किये। इस तरह के आयोजनों ने हमारे छात्रों को हमारे विज्ञान के समृद्ध आधार, परम्परा और विरासत को गहराई तक जानने और जागरूक करने में अहम एवं मजबूत योगदान दिया - ये विषय मेरे लिए बहुत ही आत्मीय हैं।

इसके अलावा, शिक्षण, अनुसंधान गतिविधियों को भी 2019-20 के दौरान उत्कृष्ट बनाया गया, क्योंकि हमारे संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में शोध-पत्र, लेख, पुस्तक अध्याय, पुस्तकें, आदि प्रकाशित किए गए। इसके अलावा, इस सत्र में संकायगण भी 20 अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने में लगे थे, जबकि 8 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। विश्वविद्यालय के संकायों ने पेटेंट दाखिल करने/ प्रकाशित करने और परामर्श प्रदान करने में भी अपनी पहचान बनाई। इसके अलावा, हमारे संकायों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समितियों में विशिष्ट स्थान/ सदस्यता प्राप्त की, जो इस प्रकार हमारे विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व और प्रतिष्ठा को बढ़ाता है। हमारे सर्वोत्तम पहलों की निरंतरता में, हमारे संकाय सदस्यों और उनकी सराहना करने के लिए विश्वविद्यालय ने वार्षिक प्रस्तुति, मूल्यांकन और वार्षिक सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता पुरस्कार प्रदान किया है। इन पहलों ने हमारे संकायों/ कर्मचारियों को प्रेरित किया और उन्होंने पूरे वर्ष विश्वविद्यालय में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। संकायों के बीच टीम भावना के विकास के लिए, विश्वविद्यालय ने उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर विभागों को वार्षिक रेटिंग प्रदान करना आरंभ किया।

इन सभी सामूहिक उपलब्धियों के साथ, मुझे आशा है कि आने वाले वर्षों में शिक्षण और अधिगम गतिविधियों के साथ-साथ यह विश्वविद्यालय भी एनसीआर में उच्च गुणवत्ता वाला एक अनुसंधान केंद्र बन जाएगा। हमारे शिक्षकों के अलावा, लगभग सभी विभागों के छात्रों ने शैक्षणिक, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी और उपलब्धियों के साथ सभी क्षेत्रों में हमें गौरवान्वित किया है। अपने छात्रों को उनके शैक्षिक जीवनपथ में आगे बढ़ने में मार्गदर्शन करने तथा हर संभव समर्थन और सहायता प्रदान करने में मुझे विशेष प्रसन्नता होती है। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विश्वविद्यालय के संकायों, गैर-शिक्षण कर्मचारी के साथ ही साथ छात्रों ने सामूहिक रूप से अपने कैरियर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए काम करना जारी रखा और इस प्रकार हमारे विश्वविद्यालय ने यश और प्रसिद्धि प्राप्त की।

मुझे आशा है कि विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण और उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में वे और भी अधिक प्रयास करना जारी रखेंगे और उच्च मानकों और नैतिकता का पालन करके इस विश्वविद्यालय को भारत के प्रगतिशील उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे एक संस्थान के रूप में विकसित करेंगे।

जय हिंद।

(प्रो. आर. सी. कुहाड़)

विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न

'उपलब्धियां... आत्मविश्वास के साथ'

विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न तीन वृत्तखंडों की त्रिवेणी से बना है, जिसके बीच में एक ग्लोब है। इसके नीचे भर्तृहरि द्वारा रचित 'नीतिशतकम्' से लिया गया एक श्लोक उद्धृत है।

नीचे वाले वृत्तखंड में एक खुली हुई पुस्तक है जो ज्ञान, विद्वत्ता और विवेक की प्राप्ति की ललक का प्रतीक है, एक वीणा अंकित है, जो इस बात का प्रतीक है कि विश्वविद्यालय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दायीं ओर के वृत्तखंड में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं साहस के प्रतीक अंकित हैं जिससे प्रदर्शित होता है कि विश्वविद्यालय वैज्ञानिक एवं अन्वेषी दृष्टिकोण विकसित करने, सृजन एवं नवोन्मेष की संस्कृति का सूत्रपात करने के लिए कृतसंकल्प है।

बायीं ओर के वृत्तखंड में प्रकृति का चित्रण है जिससे प्रतिपादित होता है कि विश्वविद्यालय जीवन-मूल्यों से ओत-प्रोत शिक्षा, सदाचार युक्त जीवन, प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति आदर, एवं सौहार्द की भावना विकसित करेगा।

प्रतीक चिह्न के केंद्र में मानव-श्रृंखला से घिरा हुआ ग्लोब और उसके ऊपर उड़ता हुआ कबूतर अभिव्यक्त करता है कि तीनों वृत्तखंडों की त्रिवेणी द्वारा जो प्रतिबद्धताएँ व्यक्त की गई हैं, उनके द्वारा विश्व में स्वतंत्रता, शांति, समृद्धि और एकता का विकास होगा, जो शिक्षा का मूल उद्देश्य भी है।

नीचे उद्धृत श्लोक **'विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्'** का अर्थ है कि 'शिक्षा' रूपी धन ही सर्वोतम धन है, जिसे न कोई चुरा सकता है, न ही बांट सकता है।

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बारे में

विश्वविद्यालय

केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित **हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय** हरियाणा राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जिसका नियंत्रण एवं वित्त-पोषण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जाता है। यह विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ जिले के जांट-पाली गाँव में स्थित है, जो अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा है।

विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष

भारत के महामहिम राष्ट्रपति माननीय श्री राम नाथ कोविंद

कुलाधिपति

प्रो. पी. एल. चतुर्वेदी

कुलपति

प्रो. आर. सी. कुहाड़

एफएनएएससी, एफएनएएएस, एफएएमएससी, एफबीआरएस

लक्ष्य

नवप्रवर्तन, रचनात्मक प्रयासों तथा विद्वतापूर्ण अन्वेषणों को प्रोत्साहित करके सबों को ज्ञानी-समाज का प्रबुद्ध नागरिक बनाना ताकि व्यक्ति, राष्ट्र और सम्पूर्ण विश्व शांति एवं समृद्धि को प्राप्त कर सके।

ध्येय

विश्वविद्यालय का ध्येय है भारत का समग्र विकास एवं पूर्ण आत्मनिर्भरता। इसमें विश्वविद्यालय की मुख्य भूमिका होगी, रचनात्मक एवं आलोचनात्मक विचारों को प्रोत्साहन देना, बहु-विषयी शिक्षण, उज्ज्वल-चरित्र निर्माण एवं नैतिक मूल्यों से ओत-प्रोत पारदर्शी कार्य-प्रणाली विकसित करना, ज्ञानी-समाज के निर्माण का पथ-प्रशस्त करना। शिक्षण, अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन को और अधिक सटीक एवं प्रायोगिक बनाना। सामाजिक अनुसंधान, लोकतांत्रिक प्रवृत्ति, समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास, समुदायिक विस्तार अभियान, वैज्ञानिक प्रयास एवं तकनीकी प्रगति।

विश्वविद्यालय के उद्देश्य

- विद्याओं के प्रसार एवं उन्नति के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षण एवं अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करना।
- मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रमों में समेकित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए विशेष प्रावधान करना।
- अध्ययन-अध्यापन, अंतर्विषयी अध्ययन तथा अनुसंधान में नवाचारों को प्रोत्साहित करने हेतु उचित व्यवस्था करना।
- देश के विकास के लिए मानव संसाधन को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की उन्नति के लिए उद्योगों से संबंध स्थापित करना
- लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में सुधार, लोक-कल्याण, बौद्धिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उत्थान हेतु विशेष प्रयास।

गुणवत्ता का संकल्प

सर्वोत्कृष्ट शिक्षा, सही दिशा में अनुसंधान और अन्य शैक्षिक पहलुओं को श्रेष्ठ बनाकर निरंतर प्रगति के द्वारा समाज का सर्वांगीण विकास। गम्भीरता, दृढ़ संकल्प, अन्वेषण, सदाचार, ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, सतत आत्म-मूल्यांकन एवं आत्मसुधार के द्वारा स्वस्थ-समाज की नींव डालना।

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाएं

क. नवाचार, अंत:विषय और कौशल आधारित कार्यक्रमों का प्रारंभ -

1) स्नातकोत्तर स्तर पर चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) का कार्यान्वयन: विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2015-16 से ही सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में रूचि अनुसार क्रेडिट चयन प्रणाली (सीबीसीएस) को लागू कर दिया गया है। किसी भी स्नातकोत्तर कार्यक्रम में बहु-विषयी और कौशल आधारित पाठ्यक्रमों में से कोई भी क्रेडिट चुनकर डिग्री के लिए आवश्यक क्रेडिट्स की संख्या को पूरा किया जा सकता है।

2) शैक्षणिक नेटवर्क के लिए वैश्विक पहल (ज्ञान) - विश्वविद्यालय में सात 'ज्ञान' कोर्स उपलब्ध हैं। ये कोर्स स्टार्टर और स्टार्ट-अप्स, उद्यमिता, कौशल विकास, सूक्ष्मजीव जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से सतत विकास एवं इसी प्रकार के कई क्षेत्रों में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त अन्य कई विभिन्न क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य और पोषण, जैव रासायनिक तकनीक एवं नवीन जांच उपकरण, नवोन्मुख शैक्षणिक अधिगम, भू-भौतिक तकनीक एवं पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन एवं ऊर्जा संरक्षण, नवोन्मुख गणितीय तकनीक, भाषा और भाषा- अध्ययन विचाराधीन हैं। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपर्युक्त क्षेत्रों में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं का एक नेटवर्क बनाया जाए ताकि शैक्षिक शोध, अनुसंधान और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ भागीदारी स्थापित की जा सके।

3) दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के तहत बी.वॉक. कार्यक्रम - विश्वविद्यालय में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के तहत तीन बी.वॉक कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2015-16 से ही संचालित हैं। ये कोर्स खुदरा और रसद प्रबंधन, जैवचिकित्सा विज्ञान और औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध हैं। इसका मुख्य उद्देश्य उद्यमशीलता और कौशल विकास है।

4) स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ - इस पीठ की स्थापना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से पांच वर्षों के लिए की गई है तथा अगले दो वर्षों तक बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य महर्षि दयानंद सरस्वती के उपदेशों का, विशेष रूप से समाज-सुधार के संदेशों का प्रचार-प्रसार करना है। इसके लिए देश भर के विश्वविद्यालयों, अनुसंधान-संस्थानो, पीठों आदि के सहयोग से संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, ग्रीष्म पीठों एवं अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन किया जाता है, तथा सहभागिता सुनिश्चित की जाती है।

5) छात्र काउंसिलिंग प्रणाली - विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के के अनुरूप एक मजबूत और संवेदनशील काउंसिलिंग प्रणाली है। छात्र काउंसिलिंग प्रणाली में ऐसे काउंसलर हैं, जो विद्यार्थियों की व्यक्तिगत काउंसिलिंग करते हैं, उसके बाद कक्षा में काउंसिलिंग, यहां तक कि विभागीय काउंसिलिंग भी की जाती हैं। छात्रावास में भी इसी प्रकार की चरणबद्ध काउंसिलिंग प्रणाली है।

ख. ऑनलाइन प्रक्रियाओं, सेवाओं और सुविधाओं का क्रियान्वयन -

1) प्रवेश प्रक्रिया - विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों में तथा छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णरूपेण ऑनलाइन है।

स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एम.फिल पाठ्यक्रमों में प्रवेश-

- सीयूसीईटी (केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा) के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा।
- विश्वविद्यालय में अंतिम प्रवेश तभी दिया जाता है, जब उनकी प्राथमिकता में यह विश्वविद्यालय होता है, यह चयन प्रक्रिया भी पूर्णतया ऑनलाइन है। यह प्रक्रिया सत्र 2018-19 से पूर्णतः ऑनलाइन है।
- ऑनलाइन प्रवेश फार्म के साथ दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति प्रस्तुत करने की सुविधा है।
- काउंसिलिंग और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन ऑफलाइन किये जाते हैं।
- प्रवेश शुल्क ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरह से जमा लिया जाता है।

पीएच.डी. में प्रवेश

- शैक्षणिक सत्र 2018-19 से प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है।
- प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन होती है।
- अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग और प्रवेश फॉर्म भरना शैक्षणिक सत्र 2018-19 से ऑनलाइन है।
- काउंसिलिंग और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन ऑफलाइन होते हैं।
- शुल्क ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से जमा किये जाते हैं।

2) इलेक्ट्रॉनिक संसाधन - विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली के अंतर्गत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी, ई-पुस्तकें, जजमेंट सूचना प्रणाली, राष्ट्रीय विज्ञान डिजिटल पुस्तकालय, ऑनलाइन सामग्रियों की रिपॉजिटरी, भारत सरकार की वेब-डायरेक्ट्री, एनपीटीईएल, ई-शोध सिंधु, ई-पीजी पाठशाला जैसे सभी ई-संसाधन उपलब्ध हैं।

3) ऑनलाइन प्रशासनिक और छात्र संबंधित फॉर्म - सभी प्रकार के फॉर्म जैसे पहचान पत्र हेतु आवेदन पत्र, पुस्तकालय सदस्यता फार्म, वाई-फाई पासवर्ड फॉर्म, छुट्टी फॉर्म, एलटीसी फार्म, आदि ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

4) ऑनलाइन भर्ती फॉर्म - विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के भर्ती आवेदन फॉर्म ऑनलाइन किये जा रहे हैं। प्रशासनिक एवं शिक्षकेतर पदों पर भर्ती हेतु जारी प्रक्रिया में आवेदन प्रपत्र भरने के लिए यही प्रक्रिया अपनाई गई।

ग. सफलताओं के परचम -

(1) हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में नवाचार -

नवाचार, कौशल और उद्यमिता विकास केंद्र (सीआईएसईडी) की स्थापना की गई है। इस केन्द्र में प्रदर्शनियां, नवाचार

सम्मेलन, शोध यात्राएं आदि बराबर आयोजित की जा रही हैं। समेकित और सतत विकास के लिए विश्वसनीय नवाचारों और नई तकनीकों के विकास के लिए जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

क) अपशिष्ट से संपदा: विश्वविद्यालय में कचरे को संपदा में बदलने के लिए स्वस्थ प्रयास किए जा रहे हैं। यहां तक कि बेकार लकड़ियों से उपयोगी एवं सजावटी वस्तुएं बनाई जा रही हैं। दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के तहत औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन में एक पूरा-का-पूरा बी.वॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि औद्योगिक अपशिष्टों को उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए तकनीकों का विकास और प्रचार-प्रसार किया जा सके।

ख) पुनर्चक्रण और पुनःउपयोग - विश्वविद्यालय परिसर में संसाधनों के समुचित उपयोग एवं संरक्षण का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाता है। विश्वविद्यालय में अपशिष्ट जल के पुनःउपयोग के लिए सक्रिय शोधन संयंत्र है, जिसके द्वारा जल को शुद्ध करके उसका उपयोग बगीचों और पौधों को सींचने में किया जाता है। सीआईएसईडी के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवीन खोजों पर बल दिया जा रहा है, ताकि विभिन्न अपशिष्ट पदार्थों, खासकर प्लास्टिक की बोतलों, प्लेट आदि का पुनःउपयोग किया जा सके।

ग) स्थानीय तकनीक को बढ़ावा देना - सीआईएसईडी के माध्यम से विश्वविद्यालय नवाचारों के द्वारा ऊर्जा संरक्षण में संलग्न है। सीआईएसईडी ने एक कार विकसित की है जो हवा से चलती है। एक ऐसी कार का प्रोटोटाइप तैयार किया गया है, जो सौर ऊर्जा, यांत्रिक ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा जैसी अक्षय ऊर्जा से चलेगी। इस प्रोटोटाइप को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित इलेक्ट्रिक एक्सपो-2016 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस केन्द्र के कुछ इनोवेटर्स ने नये तरह के स्पीड ब्रेकर बनाए हैं। जब इनसे होकर गाड़ियां गुजरेंगी, तो इससे इतनी ऊर्जा उत्पन्न की जा सकेगी कि एलईडी बल्ब जलाए जा सकें।

(2) उद्योग और शिक्षा को अंतर्संबंधित करना तथा इनक्यूबेशन केन्द्र -

ई-कंटेंट, 'मूक्स' 'ज्ञान' आदि के विकास एवं प्रसार के द्वारा अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में नए आदर्श स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय में सबसे अच्छे अधिगमों को अपनाया जाता है। विश्वविद्यालय के द्वारा उद्योग एवं शिक्षा के बीच अंतर्संबंध स्थापित करके एक सशक्त नेटवर्क तैयार करने के लिए उद्योगों / अनुसंधान संस्थानों / इनक्यूबेशन सेंटर / शैक्षणिक संस्थानों के साथ 10 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

क) उद्योगों के लिए शुरू किए गए शैक्षणिक कार्यक्रम - उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के तहत तीन बी. वॉक कार्यक्रम शुरू किए गए हैं तथा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी पीठ के अन्तर्गत चार बी.टेक. कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

ख) उद्योग संबद्ध एवं पुनरीक्षित पाठ्यक्रम - विश्वविद्यालय में प्रत्येक विभाग के कार्यालय में एक उद्योग विशेषज्ञ को शामिल करने की कार्रवाई चल रही है। सभी विभागों के पाठ्यक्रम उद्योग संबद्ध हैं, और उद्योगों की तत्कालीन आवश्यकतानुसार अद्यतित किए जाते हैं। उद्योगों के अनुरूप शिक्षा से छात्रों की रोजगार क्षमता भी बढती है। विश्वविद्यालय में औद्योगिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को सहायक संकाय के रूप में जोड़ने पर भी विचार किया जा रहा है।

ग) इनक्यूबेशन केंद्र की स्थापना - विश्वविद्यालय में अटल इनक्यूबेशन केंद्र योजना के तहत इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित करने के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव को नीति आयोग को सौंप दिया गया है। एसवीआई एनालिटिका, नई दिल्ली, नवोन्मेषी एवं

अनुप्रयुक्त जैव प्रसंस्करण केंद्र, मोहाली, प्रौद्योगिकी आधारित इनक्यूबेटर (टीबीआई), दिल्ली विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), नई दिल्ली और भारत के राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली के साथ भी लिंकेजेज किए गए हैं।

घ. विश्वविद्यालय में अनुसंधान की सुविधाएं -

(1) रसायन विज्ञान पीठ में अत्याधुनिक सुविधाओं लैस सुसज्जित अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं जिसके द्वारा हमारे शोधकर्ता अत्याधुनिक अनुसंधान कार्य सहजता से कर सकें। जो आधुनिक उपकरण खरीदे जा रहे हैं, उनमें से एक है फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर (एफटीआईआर)। इसका उपयोग हमारी प्रयोगशालाओं में तैयार या संश्लेषित नए अणुओं एवं पदार्थों को पहचानने में किया जाएगा। इसी प्रकार, उच्च क्षमता वाला पराबैंगनी- दर्शक (यूवी-विज) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के द्वारा प्रयोगशाला में तैयार नमूनों की संरचना और गुणों का विश्लेषण किया जाएगा। नमूनों का तेज गति से और आसानी से आसवन करने एवं विलायकों से पृथक् करने के लिए प्रयोगशालाओं में दो रोटरी वाष्पीकारक स्थापित किए गए हैं। परमाणु चुंबकीय अनुनाद (एनएमआर) स्पेक्ट्रोमीटर और एक्स-रे डिफ्रेक्टोमीटर जैसे बड़े उपकरणों खरीद प्रक्रिया चल रही है। यह केन्द्रीय उपकरण सुविधा का भी एक हिस्सा होगी।

(2) भौतिक एवं गणितीय विज्ञान पीठ के अन्तर्गत स्थापित भौतिक विज्ञान की प्रयोगशाला में निम्नलिखित उपकरणों की सुविधा है: पतली परत चढ़ाने के लिए के लिए ऊष्मीय वाष्पीकरण इकाई और लेपन इकाई। ऊष्मन, पिघलाने और उच्च तापमान पर नमूनों का विश्लेषण करने के लिए माइक्रोवेव भट्ठी (200-12,000 डिग्री सेल्सियस) है। प्रकाश/परावर्तन/प्रतिबिंब/संचरण/ अवशोषण और बैंड-अंतर के अध्ययन के लिए यूवी-विज-एनआईआर स्पेक्ट्रोफोटोमीटर है। भौतिक लेपन तकनीक का उपयोग करके परत बनाने के लिए स्पिन कोटर तथा द्रवों के एकसमान ऊष्मन और आलोड़न द्वारा द्वारा समांगी मिश्रण बनाने के लिए चुंबकीय आलोड़क है। घनत्व को मापने के लिए घनत्व मापक किट है, 0.001 मिलीग्राम तक का वजन मापने वाली तुला है।

(3) इसके अतिरिक्त आधुनिक गणितीय, सांख्यिकीय और कम्प्यूटेशनल सॉफ्टवेयर से लैस 20 कंप्यूटरो वाली सुसज्जित प्रयोगशाला है।

(4) अंतःविषय और अनुप्रयुक्त जीवन विज्ञान पीठ में स्थापित प्रयोगशाला में सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव रसायन, जैव प्रौद्योगिकी, पोषण जीव विज्ञान और आणविक जीवविज्ञान में प्रयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसमें क्षैतिज फलक वायु प्रवाह, चैम्बर्ड ऑर्बिटल शेकर्स, स्वचालित ऑटोक्लेव, प्रशीतित तीव्र अपकेंद्रक, टेबल टॉप शेकर्स, वैद्युतकणसंचलन इकाई, वेस्टर्न ब्लॉट, ऊष्मीय चक्रक, प्रशीतित अपकेंद्रक, तत्काल पीसीआर, अति परिशुद्ध स्पेक्ट्रोफोटोमीटर आदि प्रयोग आसानी से किये जा सकते हैं। एसआईएएल के माध्यम से क्वार्टरनरी एचपीएलसी, ग्रेडियंट एचपीएलसी, एलिसा रीडर, बीएसएल2, लायोफिलाइजर और फर्मेंटर जैसे बड़े उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया चल रही है। रोग उत्पन्न करने वाले रोगाणुओं का अध्ययन करने के लिए जैव सुरक्षा वाली टोपियां तथा ऊतक संवर्द्धन की सुविधा (सीओ 2 इनक्यूबेटर, इंवर्टिड माइक्रोस्कोप और कल्चर हुड) है। इस पीठ में -80 डिग्री सेल्सियस और -20 डिग्री सेल्सियस क्षमता वाला डीप फ्रीजर और बर्फ छीलने की मशीन है। एफई-एसईएम, टीईएम, एलसी-एमएस, एकेटीए प्राइम की खरीद की गई है।

(5) पृथ्वी, पर्यावरण और अंतरिक्ष अध्ययन पीठ ने पर्यावरण विज्ञान और भूगोल के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। हवा, पानी, मिट्टी की स्थिति और शोर स्तर की रिकॉर्डिंग के विश्लेषण की

सुविधाएं प्रयोगशाला में उपलब्ध है। पीठ की अनुसंधान प्रयोगशाला पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 10 और पीएम 2.5) के विभिन्न अंशों और इनडोर और बाहरी वायु से गैसीय प्रदूषकों के नमूने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। पृथ्वी, पर्यावरण और अंतरिक्ष अध्ययन पीठ में स्थापित अनुसंधान प्रयोगशाला में निम्नलिखित उपकरणों की सुविधा है: तत्त्वों के मात्रात्मक विश्लेषण के लिए परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रो फोटो मीटर (एएएस), अमिश्रणीय द्रवों, निलंबित ठोस एवं सूक्ष्म कणों को अलग करने के लिए प्रशीतित अपकेंद्रक, अमिश्रणीय द्रवों, निलंबित ठोस एवं सूक्ष्म कणों को अलग करने के लिए टेबल टॉप माइक्रो अपकेन्द्रक, अत्यंत कम तापमान पर नमूनों का संरक्षण करने हेतु डीप फ्रीजर (- 80, और - 20 सी), सड़न रोकने हेतु जैव सुरक्षा कैबिनेट, यौगिकों का वजन दशमलव के बाद 4) को तक तक ज्ञात करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक तुला, रंगीन यौगिकों, एंजाइमसंबंधित गतिविधियों आदि के विश्लेषण के लिए यूवी विजिबल स्पेक्ट्रो फोटो मीटर, सूक्ष्म जीवाणुओं के संवर्धन और सूक्ष्म उत्पादों और बायोमास के उत्पादन एवं संवर्धन के लिए इनक्यूबेटर शेकर, आणविक भार के आधार पर न्यूक्लिक एसिड को अलग करने के लिए अगरोज जेल वैद्युतकण संचलन यूनिट, साधारण जल और अपशिष्ट जल के नमूनों में जैविक पदार्थो के विश्लेषण के लिए सीओडी डाइजेस्टर, पृथ्वी, पर्यावरण और भौगोलिक सूचनाओं के अनुसार पूर्वानुमान, अनुशरण और विश्लेषण के लिए नवीनतम है। अनुसंधान प्रयोगशाला ने पीएच, विद्युत चालकता, लवणता, टीडीएस, विघटित ऑक्सीजन स्तर और जीपीएस के क्षेत्र की निगरानी के लिए पोर्टेबल उपकरण पेश किए हैं।

(6) इसके अलावा, उन्नत कंप्यूटर प्रयोगशाला, ओपन सोर्स जीआईएस और कार्टोग्राफिक कार्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के अतिरिक्त पृथ्वी, पर्यावरण और भौगोलिक डेटा की भविष्यवाणी, सिमुलेशन और डेटा विश्लेषण के लिए नवीनतम सॉफ्टवेयर के साथ 23 कम्प्यूटर उपलब्ध हैं।

(7) अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अनुसंधान प्रयोगशालाएं हैं जो हमारे शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक शोध कार्य करने में सहायक है। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के तहत सभी चार विभागों में आधुनिक उपकरणों का डिजिटलीकरण किया गया है। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के पास नवीनतम डिजिटल प्रिंटिंग प्रेस, ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन, रोटो-ग्रेव्योर प्रिंटिंग मशीन, फ्लेक्सोग्राफिक प्रिंटिंग मशीन, परफेक्ट बाइंडर, पेपर कटिंग और सिलाई मशीन, स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के साथ नवीनतम परीक्षण उपकरण उपलब्ध हैं। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के पास मॉडलिंग, सिमुलेशन और डेटा विश्लेषण के लिए नवीनतम सॉफ्टवेयर के साथ 3 कंप्यूटर लैब नवीनतम कॉन्फिगरेशन के सिस्टम सहित उपलब्ध हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में नवीनतम आधुनिक उपकरणों के साथ उच्च गुणवत्ता वाली खराद मशीन, यूनिवर्सल मिलिंग मशीन, पावर सिस्टम उपकरण, स्विचगियर उपकरण हैं। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पास डिजिटल ट्राइक्सिअल टैस्टिंग मशीन, डायरेक्ट शीयर टेस्ट मशीन, अपुष्ट काम्प्रेशन परीक्षण मशीन, डिजिटल सीटीएम, फ्लेक्सुरल टेस्टिंग मशीन, रिबाउंड हैमर, डिजिटल सीबीआर टेस्ट मशीन, लॉस एंगल्स घर्षण टेस्ट मशीन, डिजिटल मार्शल स्टेब्लिटी परीक्षण मशीन, टोटल स्टेशन, ऑटो लेवल, डिजिटल थियोडोलाइट और छात्रों के विकास के लिए आवश्यक नवीनतम उपकरण उपलब्ध हैं।

(8) फॉस्टैक प्रशिक्षण केन्द्रः पोषण जीवविज्ञान विभाग, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (एफएसएसएआई) के खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन (फॉस्टेक) का एक पार्टनर है।

(9) भाषा लैब: अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के द्वारा हाल ही में 30 मॉड्यूल क्षमता वाली भाषा लैब की स्थापना की गई है। प्रयोगशाला सनाको स्टडी -1200 जैसे नवीनतम उच्चारण सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है। छात्रों के संप्रेषण कौशल को बढ़ाने के लिए इसे डिजाइन किया गया है। यह लैब ब्रिटिश और अमेरिकी उच्चारण में अंग्रेजी भाषा को बेहतर बनाने की सुविधा प्रदान करती है।

(10) पुरातत्व संग्रहालय में हरियाणा एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में खुदाई से प्राप्त हड़प्पा सभ्यता के दुर्लभ अवशेष एवं कलाकृतियां सुसज्जित हैं। तत्कालीन सभ्यता की एक पूर्ण मानव खोपड़ी, हड्डियाँ, गहने और उस युग के मिट्टी के बर्तन संग्रहालय के प्रमुख आकर्षण हैं।

ङ. मूलभूत संरचनाएं:

- लगभग 500 एकड़ में फैला हुआ परिसर।
- सौर ऊर्जा के दोहन हेतु ग्रीन बिल्डिंग, फोटोवोल्टिक छत, और सौलर पान्टो की अवधारणा।
- कैम्पस का विकास कई चरणों में गया है - प्रत्येक चरण में एकीकृत परिसर, पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण करने वाली आधुनिकतम इमारतों का निर्माण सुनिश्चित किया जाता है।
- इमारतों के निर्माण में इस प्रकार की निर्माण सामग्री का चयन किया गया है, ताकि पर्यावरण को हानि न हो।
- इमारतों के अंदर तापमान को प्राकृतिक रूप से अनुकूलित करने के लिए सौर डिजाइन।
- इमारतों के निर्माण के दौरान पेड़ों, वनस्पतियों और पक्षियों के निवासों को नष्ट नहीं किया जाता।
- विश्वविद्यालय में तीन नए शैक्षणिक भवनों व प्रशासनिक भवन का निर्माण किया गया है। ये सभी भवन पूर्णरूप से वातानुकूलित हैं। शैक्षणिक भवनों की प्रत्येक मंजिल पर 200 विद्यार्थियों के बैठने योग्य एक संगोष्ठी कक्ष है। इन इमारतों को निम्नानुसार विस्तृत ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है -

1. फ्लाई ऐश ईंटों और फ्लाई ऐश सीमेंट का प्रयोग।
2. बिजली खपत को कम करने के लिए उच्च क्षमता वाले (डबल ग्लेज्ड) कांच का उपयोग किया गया है, ताकि न्यूनतम गर्मी एवं अधिकतम प्रकाश इमारत में आ सके।
3. धूप रोधी लौवर्स का उपयोग किया गया है ताकि धूप सीधे-सीधे इमारत में प्रवेश न कर सके।
4. बिजली बचाने के लिए वीआरवी एयर कंडीशनिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया गया है।
5. पानी की बचत करने के लिए वाटरलेस यूरिनल और लो फ्लो फिक्सचर का उपयोग किया गया है।

परिसर को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहलें:

1) विश्वविद्यालय परिसर 80 प्रतिशत हरित/खुले क्षेत्र सहित हरा-भरा परिसर है। विश्वविद्यालय में स्थानीय जलवायु और मिट्टी के प्रति उपयुक्त 2000 से अधिक पेड़ लगाए गए हैं।

2) वाहन और धूल प्रदूषण कम करने के लिए परिसर में वाहनों की गति सीमा (30 कि.मी./घंटा) निर्धारित की गई है।

3) विश्वविद्यालय ने कार्यालय, आवासीय परिसरों और छात्रावासों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध है।

4) विश्वविद्यालय परिसर में भवनों की छतों पर सौर पैनल लगाए हैं, जिससे बिजली का बिल कम करने में सहायता मिली है। सौर ऊर्जा सदृश नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलती है।

5) वर्षा जल संचयन और क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर को ऊपर बनाए रखने के लिए परिसर में जल संचयन परियोजनाएं और झीलें बनाई गई हैं। इससे वनस्पतियों एवं जीवों पर उन्नत अनुसंधान कर्ताओं के लिए दूर-दूर से दुर्लभ प्रजातियों के पक्षियों को आकर्षित किया जा सकेगा एवं प्राकृतिक वातावरण विकसित होगा। विश्वविद्यालय ने बायोडिग्रेडेबल और गैर-बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट संग्रह के लिए अलग-अलग कूड़ादान लगाए हैं।

6) भूजल का उपयोग कम करने के लिए बागवानी (लॉन के रखरखाव, वृक्षों को पानी आदि देने) के लिए मलजल उपचार संयंत्रों (एसटीपी) से पुनर्चक्रित पानी का उपयोग किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के सर्वोत्तम क्रियाकलाप

- रिमोट ऑनलाइन प्रोक्टेड परीक्षाओं का 99 प्रतिशत परीक्षार्थियों की उपस्थिति के साथ आयोजन;
- ईएलएमएस, ई-रिसोर्स पोर्टल, इंडियन रिसर्च इन्फोरमेशन नेटवर्क सिस्टम (संकाय प्रोफाइल), आईएनएफईडी रिमोट एक्सेस प्लेटाफॉर्म आदि सरीखे ऑनलाइन माध्यमों का एकीकरण/निर्माण;
- शैक्षणिक संप्रेषण के लिए 500+ पीएच.डी./ एम.फिल छात्रों को आधिकारिक ईमेल आईडी प्रदान की गयी है;
- सम्मेलन हॉल, प्रशासनिक भवन के कुलसचिव कार्यालय एवं कुलपति कैंप कार्यालय में अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हार्डवेयर / सुविधा विकसित की है।
- ईएलएमएस, जिसमें 34 विषयों के 260+ पाठ्यक्रम शामिल हैं, के अभिगम के लिए पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर समर्पित सर्वर की सुविधा है;
- संवेदन माइक्रोग्रेन्स्मस, जेनेटिकली इंजीनियर्ड (जीई) आर्गनिजम व सेल्स रिसर्च व निर्माण संबंधी एप्लीकेशन हेतु डीबीटी, भारत सरकार से मंजूर इंस्टीट्शनल बायोसेफ्टी कमेटी की उपलब्धता;
- बायोलॉजिकल सामग्री जिसमें कि मानव केंद्रित स्वास्थ्य एवं व्यावहारिक गुणों से संबंधित आंकड़ों के अनुसंधन सहभागिता हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर इंस्टीट्शनल ह्यूमन एथिक्स कमेटी (आईएचईसी) की उपलब्धता;
- विश्वविद्यालय गेट में प्रवेश पर पूर्ण शरीर कीटाणुनाशक कक्ष स्थापित;
- विश्वविद्यालय के गोद लिए गए गांवों के लोक विरासत के श्रव्य-दृश्य अभिलेखागार;
- छात्रों को वृत्तचित्र बनाने, सामाजिक विज्ञापन, स्थानीय मुद्दों पर अनुसंधान परियोजनाएं और महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे मतदान जागरूकता, संवेदनशीलता, स्वास्थ्य जागरूकता आदि के लिए प्रोत्साहित किया जाता है;
- डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र: आधिकारिक कार्य का डिजिटलीकरण;
- यह पहला ऐसा विश्वविद्यालय था जिसने अपनी वेबसाइट पर "कोरोना से जंग मनोविज्ञान के संग" नाम से मार्च 15, 2020 से ही फोन-परामर्श प्रदान करना शुरू कर दिया, हमने साथ ही साथ फोन-परामर्श सहित कई मंचों जैसे मनोदर्पण (भारत सरकार की मनोवैज्ञानिक हेल्पलाइन), भारतीय स्वास्थ्य मनोविज्ञान अकादमी, भारतीय पुनर्वास परिषद के माध्यम से उक्त परामर्श प्रदान करने में हाथ मिलाया; हमने महेंद्रगढ़ में प्रवासी श्रमिकों की समस्या से निपटने के लिए उन्हें परामर्श सेवाएँ प्रदान करके अपनी सहायता को आगे बढ़ाया;
- छात्रों ने किसी अतिरिक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग किए बिना स्व-निर्मित प्रयोगशाला के सत्रों में उच्चारण और स्वर-विज्ञान का अभ्यास किया। राष्ट्र के विभिन्न भागों में रहने वाले छात्र इन प्रशिक्षण सत्रों से लाभान्वित हो सकते हैं;
- एलएमएस सिस्टम पर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण और उसके माध्यम से 50 प्रतिशत से अधिक ई-रिसोर्सज की उपलब्धता। विद्यार्थियों को सभी सत्रीय प्रश्नोत्तरी आदि एलएमएस के माध्यम से उपलब्ध
- प्रत्येक विभाग में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में नव प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम;
- विश्वविद्यालय परिसर में नीम, पिलखन, अमलतास, शीशम जैसे विभिन्न देशी वृक्ष नियमित रूप से लगाए जाते हैं;
- भूजल के उपयोग को कम करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से पुनर्नवीनीकरण जल का उपयोग बागवानी उद्देश्यों (लॉन का रखरखाव, पेड़ों में पानी देने आदि) के लिए किया जा रहा है;

विश्वविद्यालय कोर्ट

(31 मार्च, 2020 के अनुसार)

1	अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पी. एल. चतुर्वेदी कुलाधिपति		
2	प्रो. आर. सी. कुहाड़ कुलपति हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़	3	सम- कुलपति रिक्त
कुलपति ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान, डिजीटल इंडिया, फिटइंडिया मूवमेंट, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान व विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली योग गतिविधियों आदि से जुड़ने व सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रो. कुहाड़ ने विद्यार्थियों को प्रकृति से प्रेम विकसित करने हेतु पेड़ लगाने का आह्वान किया और इसके लिए विभिन्न पीठों के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित करने की भी घोषणा की। इसमें पूर्व विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. दीपक पंत, प्रोक्टर प्रो. राजेश कुमार मलिक, वैकल्पिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, शोध अधिष्ठाता व प्रोक्टोस्ट प्रो. सतीश कुमार, महिला छात्रावास की प्रोक्टोस्ट प्रो. नीलम सोमवाल, कुलसचिव रामदत्त, वित्त अधिकारी, मनोरंजन ज्योति, परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वामी दयानन्द सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह, प्रो. अमर सिंह, प्रो. सारिका शर्मा, डा. प्रमोद कुमार, डा. विकास गर्ग, उपछात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. आनन्द शर्मा, डा. राजेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों विभागाध्यक्ष, प्रभारी, अधिकारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 03 September 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/43163436

नया उजाला लेकर आएगा नया वर्ष : प्रो. कुहाड़

नववर्ष पर सजाया गया केंद्रीय विश्वविद्यालय।

महेंद्रगढ़, 1 जनवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने नववर्ष पर सभी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व शोधकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नया साल हम सभी के लिए एक नया उजाला लेकर आएगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नए साल में अपने सपनों को साकार करने व देश की उन्नति में योगदान के लिए भरसक प्रयास करें।

प्रो. कुहाड़ ने कहा कि नववर्ष 2020 में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध व नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अंतर्गत 60 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं और नए शैक्षणिक सत्र में विश्वविद्यालय में एलएल.बी., फार्मास्यूटिकल, फिजिकल, एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स व खाद्यप्रौद्योगिकी विषयों में पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है।

इसके साथ विश्वविद्यालय जनसरोकारों से जुड़े विषयों जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता, सशक्त जनकल्याण अभियान, कानूनी साक्षरता, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, डिजीटल इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट आदि को विश्वविद्यालय समुदाय सहित स्थानीय लोगों तक पहुंचाने के कार्यरत है।

MARKET WATCH

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 02 January 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/47539265

साइंस टेक्नो फेयर में हकेंवि का सराहनीय प्रदर्शन

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

समारोह | विचारों को मूर्त रूप देकर किए जा सकते हैं श्रेष्ठ परिणाम हासिल

हकेंवि में विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में सोमवार को इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी पीठ द्वारा विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीठ के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रो. मूलचंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल सोनीपत के इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. जेएस सैनी विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवि उत्कृष्ट शिक्षा एवं विद्यार्थियों को श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में यह विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम नए विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति नई ललक पैदा करेगा जिससे भविष्य में उनका लक्ष्य प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. जेएस सैनी ने बताया कि किस तरह से विद्यार्थी अपने मन में नए विचार उत्पन्न कर सकते हैं और उन्हें मूर्त रूप देकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवनशैली में थोड़ा बदलाव करके हम स्वस्थ व निरोगी जीवन जी सकते हैं।

प्रो. सैनी ने अपने जीवन के निजी अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. राजेश दुबे, डॉ. फूल सिंह, संयोजन समिति के सदस्य डॉ. मनीष कुमार, डॉ. राजेश सैनी व डॉ. नलीन चौधरी सहित पीठ के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा एवं विद्यार्थियों को श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसी कड़ी में यह कार्यक्रम है

प्रो. आरसी कुहाड़ ● कुलपति

हकेंवि में आयोजित प्रेरण कार्यक्रम में व्याख्यान देते प्रो. जेएस सैनी ● जागरण

EDUCATION NOTES

Himansi (R) with officials of Central University of Haryana.

RESEARCH SCHOLAR CHOSEN FOR AWARD

Mahendragarh: Himansihi, a research scholar with the Department of Microbiology in Central University of Haryana (CUH), has been selected for the prestigious Bioenergy Award for Cutting Edge Research (B-ACER) internship programme at University of Georgia in Athens. "It's a big achievement not only for Himansihi but also for the CUH as just seven research scholars across India are selected for the award every year. She will work on metabolic engineering of Escherichia coli for biofuel production," said Prof RC Kuhad, Vice-Chancellor.

The Tribune Mon, 05 August 2019 https://epaper.tribuneindia.com

समर इंटर्नशिप के लिए विद्यार्थियों का चयन

भारत सरकार के प्रतिष्ठित रीजनल सेंटर ऑफ बॉयोटेक्नोलॉजी में करेंगे अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पढ़ाई के साथ-साथ विषय की व्यावहारिक समझ विकसित करने के लिहाज से उपयोगी समर इंटर्नशिप के मोर्चे पर भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्य के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के जैव रसायन विभाग के दो ऐसे ही विद्यार्थी वैशाली व नवीन सैनी का चयन भारत सरकार के प्रतिष्ठित रीजनल सेंटर ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के लिए हुआ है। एमएसएसी द्वितीय सेमेस्टर के इन विद्यार्थियों को प्राप्त हुए। जैव रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने विद्यार्थियों को मिले इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विद्यार्थी इस अवसर के अंतर्गत एक अच्छे प्रोजेक्ट में कार्य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के दौरान विद्यार्थियों को एंजाइम और प्रोटिस के नए-नए पहलुओं से अवगत होने का अवसर प्राप्त होगा। हमारे विद्यार्थी इस अवसर के माध्यम से एंजाइम इंजीनियरिंग के माध्यम से श्रेष्ठतम बॉयोकैटालिस्ट विकसित करने की दिशा में अध्ययन करेंगे। यहां बता दें कि इस अवसर को पाकर दोनों ही विद्यार्थी खासे उत्साहित हैं।

महेंद्रगढ़ : समर इंटर्नशिप के लिए चयनित हकेंवि के विद्यार्थी प्रो. नीलम सांगवान के साथ। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हकेंविवि में 'विज्ञान में महिलाएं' विषय पर लगाई प्रदर्शनी, विवि के कुलपति डॉ. कुहाड़ बोले

विज्ञान को बढ़ावा देने को युवा हों प्रोत्साहित

हकेंविवि में भारत का विज्ञान में योगदान पर एक दिवसीय सम्मेलन

भारतीय प्राचीन परंपराओं का है वैज्ञानिक आधार: प्रो. कुहाड़

वर्तमान ही भविष्य बनाता है: सीताराम नगर

भारत में प्रतिष्ठा का अधिकार विज्ञान का ही उपकरण

हरिभूमि

रोहतक -महेन्द्रगढ़

Date - 29 Feb'20

दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान में प्राप्त की उपाधियां

11 विद्यार्थियों/शोधार्थियों को स्वर्ण पदक 10 को पीएचडी, 6 को एमफिल की डिग्री

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ए.एम.आई. का समापन

जन उपयोगी शोधकार्यों को नई रफ्तार प्रदान करेगा : कुलपति

महेंद्रगढ़, 18 नवम्बर (परमजीत /मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में भारतीय जीवाणुतत्ववेत्त संगठन ए.एम.आई. के 60वें वार्षिक सम्मेलन व 'ऊर्जा पर्यावरण, कृषि और स्वास्थ्य के सतत विकास में सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी' पर आधारित 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार 18 नवम्बर को समापन हुआ। सम्मेलन के समापन सत्र में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, यू.एस. के वरिष्ठ रिसर्च माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. बेन.डी. टॉल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने की। कुलपति ने इस आयोजन को मौजूदा समय में विश्व समुदाय के समक्ष उपलब्ध चुनौतियों के समाधान के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि 4 दिनों के इस आयोजन में 12 देशों सहित देशभर के विभिन्न हिस्सों से आए करीब 600 प्रतिभागियों से ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी अपने शोधकार्यों पर चर्चा की और उससे मानव जाति को होने वाले लाभ से अवगत करवाया।

सम्मेलन के समापन पर लिया गया समूह चित्र। (पंजाब)

रेपिड फायर राऊंड में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत हिमांशी। (पंजाब)

कुलपति ने समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन जन-सरोकार से सीधे जुड़ा रहा और इसमें स्थानीय गांवों के प्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों को शामिल किया गया। इसके परिणामस्वरूप उन्हें भी सीधे अपनी समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान से अवगत होने का अवसर मिला। कुलपति ने इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री की ओर से सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर जलवायु परिवर्तन पर पाठ्यक्रम शुरू करने के आग्रह को भी अमलीजामा पहनाने की इच्छा जाहिर की। कुलपति ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम जल्द ही आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए विद्यार्थियों के लिए जलवायु परिवर्तन आधारित अध्ययन को शुरूआत करें। इस आयोजन में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों व विशेषज्ञों का भी कुलपति ने आभार व्यक्त किया।

समापन सत्र में मुख्यातिथि फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, यू.एस. के वरिष्ठ रिसर्च माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. बेन.डी. टॉल ने इस आयोजन को एक सफल आयोजन बताते हुए कहा कि यहां विषय से आधारित शोध व चर्चा से स्पष्ट है कि पर्यावरणीय चुनौतियों को लेकर विश्वभर में वैज्ञानिक किस तरह से कार्यरत हैं। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों के उत्साह और उनकी ऊर्जा का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे भरोसा है कि आप अपने इस जोश को विज्ञान के माध्यम से मानव कल्याण में लगाएंगे। ए.एम.आई. के अध्यक्ष प्रो. जे.एस. विर्दी ने इस सफल आयोजन के लिए ए.एम.आई. के सभी पदाधिकारियों व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन ए.एम.आई. के इतिहास में लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर देश-विदेश के प्रतिभागियों को एकत्र करना और मौजूदा चुनौतियों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए चर्चा करना अपने आप में बेहद उपयोगी है।

प्रो. विर्दी ने भरोसा जताया कि इस आयोजन के माध्यम से ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि व स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी शोध कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी।

इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डा. सुरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार ने इस आयोजन के संदर्भ में सभागार में मौजूद प्रतिभागियों को यहां हुई चर्चा के सार से अवगत करवाया। विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डा. गुंजन गोयल ने सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन में करीब 600 प्रतिभागियों व विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। 12 देशों से आए विशेषज्ञ इस आयोजन में शामिल हुए और अपने शोधकार्यों से अवगत करवाया। आयोजन के दौरान 15 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए तथा विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में ए.एम.आई. की ओर से विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पुरस्कार वितरित किए गए। इसमें पोस्टर प्रदर्शन प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डा. जितेंद्र कुमार सैनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस मौके पर ए.एम.आई. के महासचिव डा. प्रत्यूष शुक्ला सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, शिक्षकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी व ए.एम.आई. 2019 में शामिल हुए प्रतिभागी व विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Tue, 19 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45916720

CUH INKS PACT FOR RESEARCH

Mahendragarh: The Central University of Haryana (CUH) has signed an MoU with the National Agri-Food Biotechnology Institute (NABI), Mohali, for collaborative research work and publications, submission of joint research projects to funding agencies and exchange of faculty and students. "The MoU will help develop new technologies in food and agriculture," said VC Prof RC Kuhad.

CUH Vice Chancellor Prof RC Kuhad (C) shows the MoU signed with NABI, Mohali, in Mahendragarh. TRIBUNE PHOTO

The Tribune Wed, 04 September 2019
https://epaper.tribunei

आयोजन | ऊर्जा के विकल्पों के रूप में कृषि अपशिष्टों पर जारी प्रयासों से अवगत कराया

हकेंवि में चल रहे ज्ञान कोर्स का समापन

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट-पाली में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की योजना ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स ज्ञान के अंतर्गत इंटीग्रेटेड लिग्नोसेलुलोसिक बायोरिफाइनरी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर विशेष कोर्स का मंगलवार को समापन हो गया। एक सप्ताह तक चले इस कोर्स के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं विदेशी विशेषज्ञ शैंगडांग यूनिवर्सिटी चीन के प्रोफेसर यिनबो चू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कोर्स के समापन सत्र पर प्रो. यिनबो चू को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने विवि के विभिन्न संकायों को भी इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। इस ज्ञान कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर विवि के कुलपति ने प्रतिभागियों को सतत विकास में वैकल्पिक ऊर्जा के विकल्पों के रूप में कृषि अपशिष्टों पर जारी उनके प्रयासों से अवगत कराया था। उन्होंने बताया कि किस तरह से लिग्नोसेलुलोस से बायोऐथेनाल तैयार किया जा सकता है। समापन सत्र में जीवन विज्ञान पीठ के अधिष्ठाता व स्थानीय संयोजक प्रो. सतीश कुमार ने विदेशी विशेषज्ञ द्वारा दिए गए व्याख्यानों पर चर्चा की।

इस कोर्स में पांडिचेरी विवि, एमेटी विवि, जीपी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैनेजमेंट एंड रिसर्च कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व महर्षि दयानंद विवि सहित हकेंवि के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संयोजक डॉ. जितेंद्र सैनी ने बताया कि इस कोर्स के दौरान करीब 50 वर्षों से अधिक शोध व अध्यापन का अनुभव रखने वाले विदेशी विशेषज्ञ प्रो. यिनबो चू ने प्रतिभागियों को न सिर्फ व्याख्यान के माध्यम से बल्कि प्रायोगिक सत्र व ट्यूटोरियल के माध्यम से इस विषय के विभिन्न पक्षों से अवगत कराया। इस मौके पर प्रो. नीलम सांगवान, डॉ. गुंजन गोयल, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. कश्यप दुबे, डॉ. पूजा यादव, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. तेजपाल व डॉ. अश्वनी आदि मौजूद थे।

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

UGC EX-CHIEF LAUDS DRAFT EDU POLICY

Former UGC chief Prof Ved Prakash being welcomed by CUH Vice-Chancellor RC Kuhad in Mahendragarh.

Mahendragarh: Endorsing the extension of schooling period from 12 to 15 years under Draft National Education Policy-2019, former Chairman of University Grants Commission (UGC) Prof Ved Prakash, said that it would enable the learners to have the skills in tune with the age-specific requirements. He was discussing the key features of Draft National Education Policy with students, teachers and administrators at Central University of Haryana (CUH) here. Prof Ved Prakash said earlier provisions didn't cater to intensive early Childhood Care and education. Earlier, Vice-Chancellor Prof RC Kuhad described about the relevance of individual and institutional participation in the deliberations of Draft National education Policy.

The Tribune Wed, 06 November 2019 https://epaper.tribune

Central University of Haryana Vice Chancellor Prof RC Kuhad speaks during a workshop in Mahendragarh. TRIBUNE PHOTO

WORKSHOP ON FOOD FORTIFICATION

Mahendergarh: The Central University of Haryana (CUH) here organised a week-long workshop on 'Food Fortification and Human Health: From Concepts to Public Health Applications' under the Global Initiative of Academic Network (GIAN) of the Union Ministry of Human Resource Development. Vice-Chancellor Prof RC Kuhad spoke on the importance of food fortification these days. Prof Helena Pachón from Emory University, US, shared her 20-year work experience as health nutritionist with participants.

The Tribune Tue, 17 September 2019 https://epaper.tribune

The winners of a debate competition being awarded at the Central University of Haryana in Mahendragarh.

DEBATE ON NUCLEAR VS JOINT FAMILY

Mahendragarh: The Central University of Haryana organised a debate competition on 'nuclear vs joint family'. Vice Chancellor Prof RC Kuhad said the teams of all teaching departments participated in the contest. "The team of social science department was declared first while political science and education departments bagged the second and third places, respectively. The consolation prize was given to the journalism and mass communication department," Kuhad added.

The Tribune Sat, 02 November 2019 https://epaper.tribune

INDUCTION PROGRAMME AT CUH

Mahendragarh: Central University of Haryana (CUH) organised induction programme to motivate new students of Engineering and Technology. Speaking on the occasion as an expert, Prof JS Saini from Deen Bandhu Chhotu Ram University of Science and Technology, Murthal (Sonepat), explained how students could generate new ideas in their mind and achieve the best results by nourishing them. "The programme will motivate students towards education," said Prof RC Kuhad, Vice-Chancellor.

The Tribune Thu, 08 August 2019 https://epaper.tribune

CLEANLINESS AWARENESS RALLY

Mahendragarh: A three-week-long "swachhata hi seva" campaign run by Central University of Haryana (CUH) concluded with taking out a 'cleanliness awareness rally' for motivating the people to keep the city clean and plastic-free. Led by Vice-Chancellor Prof RC Kuhad, teaching and non-teaching employees, students, research scholars and local residents participated in the rally. Speaking on the occasion, Kuhad described the ill-effects of plastic and advised the people to stop using it.

The Tribune Fri, 04 October 2019 https://epaper.tribune

VARSITY CELEBRATES HINDI FORTNIGHT

Mahendragarh: Hindi Pakhwada (fortnight) organised by the Central University of Haryana concluded with competitions on declamation, poem recitation, story writing, logo designing and typing in Hindi. Winners of the competitions were awarded by Vice Chancellor Prof RC Kuhad. Highlighted the significance of Hindi, the Vice Chancellor said the language had persistently been getting recognition around the world through social media.

The Tribune Sat, 28 September 2019 https://epaper.tribune

QUIZ CONTEST 'PEHCHAN KAUN' HELD

Mahendragarh: Central University of Haryana (CUH) here organised a quiz contest 'Pehchan Kaun' based on the life of distinguished sociologists. Dr Reema Gill, Head, Sociology Department, informed Shalu Yadav bagged first, Ananya Dass second and Prabha Mahanta got third position while Vikas Kumar was selected for consolation. Vice Chancellor Prof RC Kuhad gave away the prizes to the winners.

The Tribune Fri, 08 November 2019 https://epaper.tribune

CUH CELEBRATES GIRL CHILD DAY

Mahendragarh: The Central University of Haryana (CUH) celebrated International Girl Child Day by organising a seminar on 'Women Empowerment' in the university. Addressing the gathering, Prof RC Kuhad, Vice-Chancellor, said education is a crucial source of women empowerment. So, every parent must give higher education to their daughters. Some girl students also expressed their views on the occasion.

VC Prof RC Kuhad speaks on women empowerment.

The Tribune Fri, 11 October 2019 https://epaper.tribune

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

विश्वविद्यालय में राजभाषा अनुभाग की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा

हिंदी भाषा का विकास करना हमारा संवैधानिक दायित्व

- हिंदी से संबंधित संविधान के प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख किया

हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन के अवसर पर प्रो. जगबीर सिंह जाखड को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति।

महेन्द्रगढ़, (पंजाब केसरी): राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार की दिशा में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेन्द्रगढ़ तेजी से अग्रसर है। विश्वविद्यालय में इस दिशा में जारी प्रयासों का नतीजा है कि कार्यालयीन गतिविधियों में हिंदी का उपयोग बढ़ा है और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माध्यम से विश्वविद्यालय स्थानीयनिकायों को भीहिंदी के प्रयोग में सहयोग प्रदान कर रहा है।

ये बातें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय में राजभाषा अनुभाग की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा 11 से 25 सितम्बर के उद्घाटन के अवसर पर कहीं। अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने कहा कि हिंदी भाषा का विकास करना हमारा संवैधानिक दायित्व भी है और नैतिक कर्तव्य भी। भाषा के ज्ञान के बिना अपने विषय को अभिव्यक्त करना संभव नहीं होता इसलिए हम सभी को हिंदी सीखनी चाहिए। विश्वविद्यालय में आयोजित हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन के अवसर पर विधि और हिंदी विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जगबीर सिंह जाखड़ ने राजभाषा हिंदी से संबंधित संविधान के प्रावधानों का विस्तार से उल्लेख करते हुए हिंदी के विकास में बरती गई उदासीनता की चर्चा की। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में हिंदी के प्रयोग के लिए खास प्रयास नहीं किए गए। हिंदी के लिए एक दिन नहीं बल्कि पूरे 365 दिनों तक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। स्वामी दयानन्द सरस्वती पीठाचार्य प्रो. रणबीर सिंह ने अपने स्वागत भाषण में हिंदी के महत्व को विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी पखवाड़ा में विश्वविद्यालय में आगामी 25 सितम्बर तक विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों विद्यार्थियों व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांवों के स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मंच संचालन हिंदी अनुवादक वासुदेव कुमार विश्वकर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सह-आचार्य डा. कश्यप कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद् के सदस्य प्रो. के.पी.एस. महलवार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रभारी, अधिकारी, शिक्षकगण, शिक्षणेतर, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

हकेंवि के सात विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में स्थापित दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए बृहस्पतिवार से कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत हो गई। विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को अध्ययन के तीसरे वर्ष में कैंपस प्लेसमेंट प्राप्त हुआ है जबकि चार विद्यार्थी, जिन्होंने इसी वर्ष अपनी पढ़ाई पूरी की है, उन्हें भी रोजगार का अवसर इस प्लेसमेंट अभियान के अंतर्गत प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि उनकी कोशिश है विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएं। इस दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं जिनके परिणामस्वरूप विभिन्न कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं।

प्रो. आरसी कुहाड़, कुलपति • जागरण

हाइटेक इनवायरो इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने पंकज कुमार, अक्षय यादव, राकेश चेनीवाल, प्रीतम, संजय, मनोज एवं तेजप्रकाश को अपने यहां सेवाएं देने के लिए सहमति पत्र दे दिया है। वीबोक (इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट) के प्रभारी डॉ. अनूप यादव ने बताया कि प्लेसमेंट के इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थी प्रीतम, संजय, मनोज व तेजप्रकाश को ज्वाइनिंग ऑफर की गई है। जबकि तीन अन्य अध्ययनरत विद्यार्थी पंकज कुमार, अक्षय यादव, राकेश चेनीवाल को उनका कोर्स पूरा होने के बाद ज्वाइनिंग देने की सहमति कंपनी ने दी है। हाइटेक इनवायरो इंजीनियर्स एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर राजकुमार ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि हरियाणा केंद्रीय विवि में अध्ययनरत विद्यार्थी उनकी कंपनी को अपनी सेवाएं देंगे।

विभाग प्रभारी डॉ. अनूप यादव के साथ केंद्रीय विवि में प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी • जागरण

SYMPOSIUM ON SUSTAINABLE DEVELOPMENT

Mahenderagarh: Central University of Haryana (CUH) here will host international symposium on "Microbial Technologies in Sustainable Development of Energy, Environment, Agriculture and Health" from November 15 to 18. "The event intends to provide a platform to the participants from India and abroad to discuss and deliberate the vital issues concerning human health, environment, energy and agriculture," said Vice-Chancellor Prof RC Kuhad while interacting with media. He maintained Union Human Resource Development Minister Dr Ramesh Pokhriyal 'Nishank' would inaugurate the event while Deputy CM Haryana Dushyant Chautala and UGC chairman Prof DP Singh would be present as guests of honour.

The Tribune Thu, 14 November 2019 https://epaper.tribune

RANGOLI-MAKING CONTEST HELD

Mahendragarh: The Department of Library Science and Information at Central University of Haryana (CUH) organised declamation, rangoli and poster-making competition on the university campus. Nancy got first place and Shikha and Saroj jointly stood second in rangoli-making. Gaurav, Nancy and Swati secured first, second and third positions respectively in poster-making competition. In declamation, Ankit grabbed the first position, Gaurav second and Swati remained on third position.

The Tribune Wed, 14 August 2019 https://epaper.tribun

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

हकेंविवि की छात्रा अदिति को मिली समर रिसर्च फेलोशिप

आदिति श्रीवास्तव।

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा अदिति श्रीवास्तवको प्रतिष्ठित 'साइंस एकेडमी समर रिसर्च फैलोशिप प्रोग्राम-2019'के लिए चुना गया है। बीवॉक (बायोमेडिकलसाइंसेज) द्वितीयवर्ष की छात्रा अदिति इस फेलोशिपके अन्तर्गत स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में डॉ.सैम मैथ्यू, रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी, फरीदाबादके साथ काम करेगी।

कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने इस उपलब्धि के लिए अदितिको बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों व शिक्षकों को अध्ययन-अध्यापनव शोध के क्षेत्र में अपनीप्रतिभा के प्रदर्शन के लिए हर-संभव मदद के लिए प्रयासरत है। कैंपस प्लेसमेंट के माध्यमसे रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

डॉ. विकाससैनी ने बताया कि भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्लीऔर द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज इंडिया, इलाहाबाद,तीन राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों के द्वारा वर्ष 2019के दौरान तीनों अकादमियों से जुड़े वैज्ञानिकों के साथ काम करनेके लिए भारत में अध्ययनरत छात्रों के लिए दो महीने केसमर फेलोशिप की पेशकश की गई है। इस फेलोशिप के अन्तर्गतही विश्वविद्यालय की छात्रा अदिति का चयन हुआ है। इंटर्नशिप प्रोग्राम में चयनित छात्रा को प्रतिमाह निर्धारित राशि

स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

शत प्रतिशत हो मतदान जैसे नारों के बीच रैली हुई शुरू

प्रो. आरसी कुहाड़। कुलपति। बटजाउट

नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते विद्यार्थी व महाविद्यालय प्रतिनिधि

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने महेंद्रगढ़ में रैली निकालकर आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। जागरूक देश की पहचान, शत प्रतिशत हो मतदान' जैसे नारों के बीच रैली हुड्डा पार्क से शुरू होकर बस स्टैंड, ब्रह्मदेव चौक, मसानी चौक होते हुए परशुराम चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान आमजन को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु शहर के महत्वपूर्ण चौखटों पर नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया।

विवि की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि रैली की शुरुआत महेंद्रगढ़ के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जगदीश शर्मा, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आरसी कुहाड़ तथा आर्मीएस स्कूल के चेयरमैन ओपी नाटन ने हरी झंडी दिखाकर की।

रैली से पूर्व दिए गए अपने संदेश में कुलपति प्रो कुहाड़ ने स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक मतदान में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपायुक्त जगदीश शर्मा को आगामी चुनावों में विवि की तरफ से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। जगदीश शर्मा ने स्वयंसेवकों को चुनाव के दौरान विकलांगों, बुजुर्गों एवं महिलाओं की वोट डालने में सहायता कर लोकतंत्र में भागीदार बनने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर विवि के प्रोवीस्ट प्रो सतीश एवं अंग्रेजी विभाग से प्रो संजीत भी मौजूद रहे। विवि में एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने विवि परिसर में श्रमदान भी किया। श्रमदान के उपरांत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर तैयार नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। दिन के शिविर की समाप्ति स्वयंसेवकों के लिए खेलकूद व मनोरंजक गतिविधियों के आयोजन से हुई। प्रो आरसी कुहाड़ के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा यह वार्षिक सात दिवसीय एनएसएस शिविर 8 अक्टूबर तक चलेगा।

इंडोनेशियाई वैज्ञानिक का शोध के लिए चयन

रूस्ली फिडरिएंटो से बातचीत करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ • जागरण

जासं, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विद्यालय जांट-पाली के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शोध करने के लिए आशियान-इंडिया रिसर्च ट्रेनिंग फैलोशिप योजना के तहत इंडोनेशियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज इंडोनेशिया के साइंटिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के रिसर्च सेंटर से रुसली फिडरिएंटो को चुना गया है। वे विश्वविद्यालय में पांच माह तक शोध कार्य करेंगे। विवि के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने उनकी इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और परिसर में उनके सुखद प्रवास की कामना की। विवि के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. गूंजन गोयल ने बताया कि (एआइआरटीएफ) योजना आशियान इंडिया साइंस एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट (एआइएसटीडीएफ) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआइसीसीआई) की एक कार्यान्वयन योजना है, जो आशियान के सदस्य देशों के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की गतिविधियों को भारत में बढ़ावा देती है। रुस्ली माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डॉ. गोयल की देखरेख में ही काम करेंगे। डॉ. गोयल ने कहा कि रूस्ली सेब के पोमेस में से फूड फाइबर के निष्कर्षण और उसका उपयोग प्रोबायोटिक्स के लिए कैसे करें, इस पर काम करेंगे।

Teachers make students aware about sanitation.

'SWACHHATA' DRIVE AT CUH

Mahendergarh: Central University of Haryana (CUH) has launched 'Swachhata Hi Seva' campaign to make university campus premises free from plastic waste and to propagate awareness about sanitation among students and residents of nearby villages. Speaking on the occasion, Vice-Chancellor Prof RC Kuhad exhorted students, research scholars, teaching and non-teaching employees about the adverse effect of plastic waste on the environment. Kuhad informed that the campaign would conclude on October 2 (Gandhi Jayanti).

The Tribune Mon, 16 September 2019 https://epaper.tribunei

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

सूचना का अधिकार कानून के प्रति किया जागरूक

विशेषज्ञ का स्वागत करते कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ (फोटो)

हकेंवि में आर.टी.आई. पर कार्यशाला आयोजित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. अजमेर सिंह मलिक रहे उपस्थित

महेंद्रगढ़, 15 अप्रैल (परमबीरसिंह): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में सोमवार को सूचना का अधिकार कानून के प्रति विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के केंद्रीय लोक सूचना कार्यालय की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक ने सूचना का अधिकार कानून की आवश्यकता, उपयोग व दुरुपयोग से अवगत कराया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर.सी. कुहाड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका बेहद अहम है और इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी अधिक है।

कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अच्छे तरह से अपने अधिकारों को समझना होगा और ऐसा करके ही किसी दूसरे के साथ की कठपुतली बने बिना नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।

कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक ने बताया आखिर क्यों सूचना का अधिकार (आर.टी.आई.) की आवश्यकता महसूस हुई। उन्होंने कहा कि नौकरशाही व सरकारी तंत्र में जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू इस कानून का जहां कुछ लोगों को लाभ हुआ तो वहीं बहुतायत इसका दुरुपयोग भी कर रहे हैं। प्रो. मलिक ने कहा कि इस कानून का प्रयोग जिस तरह से आज के दौर में देखने को मिल रहा वह इससे लाभ कम और दुरुपयोग ज्यादा किए जाने का आभास कराता है। ऐसे ढेरों उदाहरण विभिन्न संस्थानों में सामने आ रहे हैं जिसमें आर.टी.आई. का आवेदन देखने भर से स्पष्ट हो जाता है कि आवेदन सूचना प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि किसी विशेष उद्देश्य से प्रशासन को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी को सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है और इसे नियत का प्रयोग बताकर जानकारी देने से इंकार किया जा सकता है। प्रो. अजमेर सिंह ने आर.टी.आई. से जुड़े ऐसे ही विभिन्न पक्षों पर विस्तार से चर्चा की और इस कानून के उचित उपयोग के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रामदत्त, प्रोक्टर प्रो. राजेश मलिक, प्रोफेसर अमर सिंह, शिक्षा पीठ के अधिष्ठाता डा. प्रमोद कुमार सहित भारी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी व राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. चंपत कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सूचना का अधिकार कानून के जागरित में प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

पंजाब केसरी Tue, 15 April 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/18556129

हरिभूमि रोहतक - रोहतक
Date - 15 Oct'19

ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर हुआ कार्यक्रम

ग्रामीणों व वैज्ञानिकों के तालमेल से मिलेंगे कारगार परिणामः प्रो. कुहाड़

वैज्ञानिक हैं भारतीय परंपराएं : कुहाड़

जागरण संवाददाता, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में बृहस्पतिवार को भारत का विज्ञान में योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के जैव रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने की तथा राजनीति विज्ञान विषय के विख्याता सीताराम व्यास मुख्यातिथि तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के पूर्व प्रोफेसर व रसायन विज्ञान के प्रो. ओपी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

महेंद्रगढ़ हकेंविवि में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मंचासीन मध्य में कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़, उनके दायीं ओर अतिथि सीताराम व्यास व बायीं ओर प्रो. ओपी अग्रवाल • जागरण

मुख्यातिथि सीताराम व्यास से प्राचीन परम्पराओं के पीछे के विज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें वह सब कुछ उपलब्ध है जिसके आधार पर उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। उन्होंने भारत के भविष्य निर्माण के लिए विदेशी श्रेष्ठता की भावना को छोड़ने, दासता की मनोवृत्ति को बदलने और हीनता की भावना का परित्याग करने पर जोर दिया। उन्होंने गीता की विशिष्टता का उल्लेख करते हुए बताया कि विदेशी विद्वानों ने भी इसके महत्व को स्वीकारा है। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने भारत की पुरातन संस्कृति व इतिहास में वर्णित विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस तरह से भारत विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि आज यह बेहद जरूरी है कि वैज्ञानिक व शोधकर्ता भारत के पुरातन विज्ञान को समझते हुए भविष्य की नींव मजबूत करें। कुहाड़ ने बताया कि किस तरह से पुरातन काल में वैज्ञानिक नियमों को सांस्कृतिक व सामाजिक मान्यताओं के रूप में अपनाया जाता था।

विशिष्ट अतिथि प्रो. ओपी अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान हमें वो साहस दे रहा है जिसके बूते हम चांद पर पहुंच गए हैं और सूर्य पर हमारी नजर है। उन्होंने कहा कि भारत में पहिए का अविष्कार विज्ञान का ही चमत्कार है और यह दर्शाता है कि प्राचीन भारत में वैज्ञानिक खोजे किस रूप में हुई थीं। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि गणित, नक्षत्र, चिकित्सा, वैमानिकी विषयों की जानकारी हमारे प्राचीन ज्ञान में वर्णित है। विमान को उड़ाने का कारनामा भले ही राइट्स बंधु के नाम से दर्ज हो लेकिन यदि हम अपने इतिहास को देखें तो शिवकर बापूजी तलपड़े नामक वैज्ञानिक का उल्लेख मिलता है। जिन्होंने राइट्स बंधु से पहले ही 1400 फुट तक मशीनी उड़ान भरने का कारनामा अंजाम दिया था। जैव रसायन विज्ञान विभाग की अध्यक्ष व सम्मेलन की संयोजक प्रो. नीलम सांगवान ने कहा कि आज के दौर में अपने इतिहास को जानकार ही उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ा जा सकता है। आयोजन में अखिल आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रो. पुनीत मिश्रा, देशबंधु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. रूबी मिश्रा और एनपीएल दिल्ली के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. आरपी पंत ने विशेषज्ञ वक्ताओं ने विषय के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की ओर से भी शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए।

46 CUH STUDENTS CLEAR NET-JRF

Mahendragarh: As many as 46 students of various departments in Central University of Haryana (CUH) have qualified NET-JRF results which were declared recently. Prof RC Kuhad, Vice-Chancellor, said of them, two students from the Commerce Department and one each from library and information science, Hindi and Indian Language had qualified for the Junior Research Fellowship (JRF) while four students each from commerce, economics, library science and education department, three each from geography, management studies, Hindi and Indian languages, two each from political science, psychology and sociology, one each from history, law, journalism and mass communication department have cleared NET. Degree is only a piece of paper and is immaterial, if students are not employable and knowledgeable. They should have the wisdom to distinguish between right and wrong.

The Tribune Thu, 09 January 2020
https://epaper.tribune

MoU for skill training

Mahendragarh: The Central University of Haryana has signed a memorandum of understanding (MoU) with Ghaziabad-based Hitech Enviro Engineers and Consultants Private Limited to ensure skill-based job-oriented special training to its students enrolled in BVoc (Industrial Waste Management) course. "As per the MoU, the company will assist in training, evaluation, internship and opportunity for placements to our students as it has specialisation in the field of water and waste water treatment, environmental health and safety," said Prof RC Kuhad, Vice Chancellor.

The Tribune Mon, 08 April 201
https://epaper.tr

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

जागरूकता

विश्वविद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने परिसर से कचरे को एकत्र कर दिया स्वच्छता का संदेश

हकेंविवि में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित

माई सिटी रिपोर्टर

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय में 11 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में वीरवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने स्वयं विश्वविद्यालय परिसर से कचरे को एकत्र कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को जानते हुए भी हम उसे छोड़ नहीं पा रहे हैं। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। इससे छुटकारा पाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

कुलपति आरसी कुहाड़ ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को निभाकर धरती माता के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारे युवा प्रेरणा लेंगे। अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखेंगे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और यूथ रेडक्रॉस इकाई विश्वविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए आने वाले दिनों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं पॉलिथीन को एकत्रित करने का अभियान चलायेंगे। आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कपड़े एवं जूट के थैले प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे।

राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रदेश नेतृत्व करेगा हकेंविवि

शिविर में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. दीपक पंत और डॉ. दिनेश।

महेंद्रगढ़। बेंगलुरु में आयामों 20 से 27 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) हरियाणा का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) खेल एवं युवा मंत्रालय की ओर से 20 से 27 सितंबर के बीच बेंगलुरु केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे इस शिविर में हरियाणा राज्य से 3 विश्वविद्यालयों के 6 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिसमें हकेंविवि के एमसीए के जयप्रकाश, गणित विभाग की प्रतीक्षा चौहान शामिल होंगे। बता दें कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अलावा राज्य से इस शिविर में हिस्सा लेने वाले 4 अन्य छात्र एमडीयू रोहतक, एचएयू हिसार से हैं। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने राष्ट्रीय एकता शिविर में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

समीक्षा

कोरोना-19 को लेकर बैठक हुई आयोजित

जनता कर्फ्यू में करें योगदान : प्रो. कुहाड़

आज समाज नेटवर्क

महेन्द्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में कोरोना-19 से बचाव को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय के आला अधिकारियों व अधिष्ठाताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के माध्यम से कुलपति ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों व स्थानीय निवासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयामों 22 मार्च को सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक जनता कर्फ्यू में भागीदारी में योगदान की अपील की। कुलपति ने सभी सहभागियों से इस प्रयास में सक्रिय भागीदारी और आपसी सहयोग की मांग की। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस अवसर पर कोरोना वायरस से बचाव के लिए आवश्यक प्रयासों की भी समीक्षा की। साथ ही साथ विद्यार्थियों को अनिवार्यतः माध्यम से लगातार अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए आश्वस्त किया। विश्वविद्यालय ने नए प्रशासनिक खण्ड में आयोजित समीक्षा बैठक में कुलपति ने किसी भी आवास स्थिति से निपटने के लिए एक टास्क फोर्स के गठन को भी मंजूरी दी। कुलपति ने समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय समुदाय और स्थानीय निवासियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

विवि के अधिकारियों के बैठक करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

हकेंविवि में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) के बीबॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कैंपस प्लेसमेंट के आयोजन पर कहा कि दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र का बीबॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम स्नातकों की रोजगार क्षमता और कौशल बढ़ाने, वैश्विक श्रमशक्ति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव शिक्षकों और छात्रों की तीन साल की कड़ी मेहनत का संयोजन है। उन्होंने कहा कि इस कोर्स में छात्रों को अच्छी नौकरी और शानदार वेतन देने की अपार संभावनाएं उपलब्ध है

प्रो. आर.सी. कुहाड़ को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

एएमआई-2019 में अपने योगदान के लिए फेलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस भी हुए घोषित

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में आयोजित भारतीय जीवाणुतत्ववेत्ता संगठन के 60वें सम्मेलन में फेलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस अवॉर्ड की घोषणा की गई। माइक्रोबॉयोलोजिस्ट ऑफ इंडिया ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर.सी. कुहाड़ को इस क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी नवाजा।

इसके साथ उन्हें विज्ञान व माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए फैलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस भी चुना गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आर. सी. कुहाड़ ने उन्हें मिले इस सम्मान को पाने के बाद खुशी जाहिर की और इसे प्रदान किए जाने पर संगठन का इसके लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय उन सभी लोगों को जाता है जो इस यात्रा में मेरे सहभागी बने। अपने परिवार का आभार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर कुहाड़ ने कहा कि परिवार के सहयोग बिना तो यहां तक पहुंच पाना संभव ही नहीं था। इसलिए इस मौके पर उनके योगदान को याद करना जरूरी है। प्रोफेसर कुहाड़ ने भरोसा दिलाया कि वे लगातार इसी तरह विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे और यह यात्रा यूं ही जारी रहेगी। सम्मेलन में प्रोफेसर राधा प्रसन्ना, डॉ. हेमंत जे. पुरोहित, प्रोफेसर डी.पी. सिंह तथा डॉ. बनवारी लाल को फैलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस के अवॉर्ड से नवाजा गया।

प्रोफेसर आर.सी.कुहाड़ को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

समाचार पत्रों में विश्वविद्यालय / University in the News

प्रो. कुहाड़ को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

जास, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित भारतीय जीवाणुविज्ञानवेत्ता संगठन के 46वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पर्यावरण के समक्ष चौतरफा चुनौतियों पर चिंता जाहिर की, वहीं सुझाव जाहिर की कि विवि कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ के मार्ग दर्शन में इसी के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ को उनके इस क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और फेलो ऑफ माइक्रोबायोलॉजिकल सोसायटी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्होंने अपने परिवार के साथ लिया और कहा कि परिवार के सहयोग के कारण ही यह संभव हो पाया है। इसलिए यह सम्मान परिवार के सदस्यों को समर्पित है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व अन्य। जागरण

सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रो. संजीव कुमार ने इस कार्यक्रम को स्पष्ट प्रस्तुत की और बताया कि 11 देशों से 18 विदेशी विशेष और देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से करीब 500 विशेषज्ञ व प्रतिभागी अगले चार दिनों तक विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे और उनके क्षेत्र में जारी शोध कार्यों से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम के अंत में सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. सुनील सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

ए.एम.आई. 2019 का आयोजन : पर्यावरण से संबंधित विषयों पर दिनभर चला मंथन

विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित एवं डॉ. सतीश व विशेषज्ञों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़। (जास)

महेंद्रगढ़, 16 नवंबर (जास/जागरण/भास): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में भारतीय जीवाणुविज्ञानवेत्ता संगठन के 46वें वार्षिक सम्मेलन व डब्ल्यू. एच.ओ.एस. कृषि और पर्यावरण के जरिए विकास में खुलासीय प्रौद्योगिकी पर आधारित 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में पर्यावरण, कृषि स्वास्थ्य एवं जैव्स के संबंधित विषयों पर चर्चाएं हुई। इसमें शामिल टेल-डेटेल से आए विशेषज्ञों ने मौजूदा परिस्थितियों और उनके समाधानों पर बात की और उनका समाधान खोज के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ही डब्ल्यू. एच.ओ.एस., पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं कृषि के संबंध मौजूद कुरीतियों का समाधान खोजना है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित सभी में आए एक्सपर्ट्स ने अपने-अपने विषयों पर प्रजेंटेशन दी। इसके बाद कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.सी. कुहाड़ ने विश्वविद्यालय के विकास के लिए 5 वर्षीय रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महामहिम राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया गया।

कार्यक्रम

विद्यार्थियों को शपथ दिला मातृभाषा से प्रेम का दिया सबक

छात्र मातृभाषा को बनाए दिनचर्या का हिस्सा : प्रो. कुहाड़

अमर उजाला ब्यूरो

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। यूनेस्को द्वारा घोषित एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत मातृभाषा में लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों ने हिस्सा लिया और प्रस्तुतियां दी। कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने बताया कि किस तरह से यह सामाजिक, सांस्कृतिक और देश के विकास के साथ-साथ मानवीय पहचान को सुरक्षित करने में मददगार है।

कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो आरसी कुहाड़।

प्रो. सतीश कुमार मलिक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ के पीठाचार्य प्रो. रणधीर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से देश की विविधतापूर्ण संस्कृति से हम परिचित होते हैं। इस दौरान आयोजित लेखन प्रतियोगिता में 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने हिन्दी, राजस्थानी, हरियाणवी, मैथिली, भोजपुरी, मलयालम, उड़िया, बांग्ला और असमी सहित कई भाषाओं में गीत प्रस्तुत करके श्रोताओं का मन मोह लिया। प्रथम पुरस्कार शिक्षा पीठ की छात्रा वनिता राठौर के नाम रहा। दूसरे स्थान पर राजनीति विज्ञान विभाग के आकांक्षा गौड़, तीसरे स्थान पर शिक्षा पीठ की अर्पण मंडल रही तथा सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की निमिषा चौधरी और अंडरडी विभाग के हिमांशु जोशी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, शिक्षापीठ के डॉ. रुचिका कौशिक, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य अलेख एस नायक निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे।

मातृभाषा व्यक्ति की अभिव्यक्ति का आधार : वीरेंद्र

सतनाली मंडी। मातृभाषा किसी भी व्यक्ति की सहजात्मिक और पूर्ण बोध अभिव्यक्ति का आधार होती है। संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए मातृभाषा आवश्यक होती है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि प्रारंभिक शिक्षा के लिए मातृभाषा ही सबसे उपयुक्त माध्यम है। उक्त विचार प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह लेखाचास ने राजकीय महाविद्यालय सतनाली में मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विदेशी और अन्य भाषाओं की ओर हमारे व्यर्थ आकर्षण में हम अपनी मातृभाषा की उपेक्षा करने लगे हैं, जो ठीक नहीं है। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. पवित्रा यादव ने कहा कि व्यक्ति के हृदय के अंतरतम भावों की अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम

होती है। उन्होंने मातृभाषा को अपनाने के लाभ बताए। प्रो. अजीत सिंह ने कहा कि हिन्दी हमारे स्वाभिमान की भाषा है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा प्रवाहरी का आयोजन भी किया गया। इस दौरान कॉलेज डिस्पेंसरी इंचार्ज डॉ. रेखा शेखावत ने विद्यार्थियों को कृमि नाशक दवा वितरित की। इस अवसर पर प्रो. विक्रिच सिंह, डॉ. संदीप, डॉ. सुनीता सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में स्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिन शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव, विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, शिक्षकों ने भी पौधरोपण किया। कुलपति आरसी कुहाड़ ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड 1 के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को और हराभरा बनाने के लिए प्रयास लगातार जारी है। कुलपति ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को खुशहाली के लिए हरियाली बहुत जरूरी है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों के तहत 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़े के संदर्भ में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के उप छात्रकल्याण अधिष्ठाता डॉ. अमनदीप शर्मा ने बताया कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

कार्य का आयोजन • -विश्वविद्यालय की विभागों ने पेश किया विभागीय उपलब्धियों का खाका, बोले कुलपति

सहभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा देश व विश्वविद्यालय के हित में

अमर उजाला ब्यूरो

